CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 36 | राजनांदगांव, रविवार 21 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







## पीएम नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी में भारत के पहले नेचर-थीम्ड एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार, 20 दिसंबर को असम की राजधानी गुवाहाटी में लोकप्रिया गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। करीब 4,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह टर्मिनल भारत का पहला नेचर-थीम्ड एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसे खास तौर पर पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति और प्रकृति से जोड़कर डिजाइन किया गया है।

उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद नए टर्मिनल का दौरा किया और इसकी सुविधाओं का जायजा लिया। एयरपोर्ट परिसर में असम के पहले मुख्यमंत्री लोकप्रिया गोपीनाथ बोरदोलोई की 80 फीट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण किया गया, जिनके नाम पर इस हवाई अड्डे का नाम रखा गया है।



### सालाना 1.3 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता

नए टर्मिनल की सालाना यात्री क्षमता 1.3 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इसके साथ ही यह पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट टर्मिनल बन गया है। अधिकारियों के मुताबिक, पूरे प्रोजेक्ट की कुल लागत लगभग 5,000 करोड़ रुपये है, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल सुविधाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### नॉर्थ ईस्ट और साउथ ईस्ट एशिया का बनेगा गेटवे

अधिकारियों का कहना है कि यह एयरपोर्ट न सिर्फ पूर्वोत्तर भारत के लिए एक प्रमुख एविएशन हब के रूप में काम करेगा, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भी एक अहम प्रवेश द्वार बनेगा। इससे क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### बांस और ऑर्किड से सजी खास डिजाइन

नए टर्मिनल का विकास अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसकी डिजाइन में बांस और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला, अमेरिका ने सीरिया में किया बड़ा हवाई हमला, ISIS के ठिकानों पर बमबारी

दमिश्क। अमेरिकी ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक लॉन्च किया गया है। यह ऑपरेशन इस महीने की शुरुआत में 2 अमेरिकी सैनिकों और एक इंटरप्रेटर की मौत के बदले में किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे बहुत गंभीर जवाबी कार्रवाई बताया है। ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर ट्रंप ने एक पोस्ट में कहा, जैसे कि मैंने वादा किया था, अमेरिका में सीरिया में बहादुर अमेरिकी देशभक्तों की ISIS द्वारा की गई क्रूर हत्या के जिम्मेदार खूनी आतंकवादियों पर बहुत गंभीर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक का मकसद ISIS के लड़ाकों, इंफ्रास्ट्रक्चर और



हथियारों के ठिकानों को खत्म करना था। ट्रंप ने पोस्ट में कहा, हम सीरिया में ISIS के गढ़ों पर बहुत जोरदार हमला कर रहे हैं। यह जगह खून से लथपथ है और इसमें कई समस्याएं हैं, लेकिन अगर ISIS को खत्म कर दिया जाए तो इसका भविष्य उज्जल है। सीरिया की सरकार जिसका नेतृत्व ऐसा व्यक्ति कर रहा है जो सीरिया में महानता वापस लाने के लिए बहुत मेहनत कर रहा है, पूरी तरह से समर्थन में है। सभी आतंकवादी जो अमेरिकियों पर हमला करने का बुरा सोच रहे हैं, उन्हें चेतावनी दी जाती है- अगर आप किसी भी तरह से अमेरिका पर हमला करते हैं या धमकी देते हैं, तो आप पर पहले कहीं ज्यादा जोरदार हमला किया जाएगा।

### ISIS के 70 ठिकानों पर हमला

समाचार एजेंसी एपी ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से इसे बड़े पैमाने पर हमला बताया, जिसमें मध्य सीरिया के उन इलाकों में 70 ठिकानों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोहरे ने रोका पीएम मोदी का नदिया दौरा, नहीं हो सकी हेलिकॉप्टर की लैंडिंग; कोलकाता एयरपोर्ट से वर्चुअली रैली को किया संबोधित

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम शुक्रवार को मौसम की मार की वजह से प्रभावित हो गया। घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के चलते हेलिकॉप्टर दो बार प्रयास के बावजूद तय हेलिपैड पर लैंड नहीं कर सका, जिसके कारण प्रधानमंत्री को कोलकाता एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा।

### कोलकाता एयरपोर्ट से वर्चुअली लिया बैठक में हिस्सा

यात्रा में देरी के बीच पीएम मोदी ने समय का सदुपयोग करते हुए कोलकाता एयरपोर्ट से ही वर्चुअली एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया। अधिकारियों के अनुसार, मौसम साफ होने की उम्मीद में हेलिकॉप्टर लैंडिंग की लगातार कोशिशें की गईं, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए लैंडिंग को टाल दिया गया।

### अधिकारियों ने की आपात बैठक

कोलकाता एयरपोर्ट पर वरिष्ठ प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ विशेष बैठकें होती रहीं, जिनमें यह तय करने पर चर्चा हुई कि प्रधानमंत्री नदिया तक किस तरह पहुंच सकते हैं। सड़क मार्ग का विकल्प भी सामने आया, लेकिन दूरी और समय को देखते हुए उसे चुनौतीपूर्ण माना गया। पीएम मोदी के नदिया दौरे का मुख्य उद्देश्य करीब 3200 करोड़ रुपये की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना है। इन परियोजनाओं के जरिए राज्य में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री को नदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के बरजागुली से कृष्णानगर तक 66.7 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन में तब्दील करने की परियोजना का उद्घाटन करना है। इसके अलावा उत्तर 24 परगना जिले में बारासात से बरजागुली तक 17.6 किलोमीटर लंबे खंड के चार लेन निर्माण की आधारशिला भी रखी जानी है। इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने के बाद कोलकाता और सिलीगुड़ी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सोनिया गांधी बोलीं- मनरेगा हटाकर काला कानून लाई सरकार, कांग्रेस कार्यकर्ता लड़ेंगे

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून का नाम बदलने के मामले में वीबी-जी राम जी विधेयक पारित कराए जाने की आलोचना की। रविवार को जारी एक वीडियो संदेश में सोनिया गांधी ने कहा कि ऐसे काले कानून बनाने की पहल के खिलाफ कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ता देशभर में लड़ाई लड़ेंगे।



सरकार की आलोचना करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, बीस साल पहले, डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और उस समय मनरेगा संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था... इसने गरीबों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया और इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों को मजबूत किया। मनरेगा के माध्यम से महात्मा गांधी के सपनों की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया था., लेकिन मोदी सरकार ने गरीबों के हितों को कमजोर करने की कोशिश की है। सोनिया गांधी ने कहा, हाल ही में, सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चलाया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा लाने और इस कानून को लागू कराने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान था। यह देश और जनता के हित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इसके माध्यम से गरीबों के हितों पर हमला किया है।

## ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला; आठ की मौत और 27 घायल

कीव। यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए। बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ-साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए।

## घर से कम ही बाहर निकलें, यात्रा करने से बचें, बांग्लादेश में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली। बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़की हुई है। इस बीच ढाका में इंडियन हाई कमीशन ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और स्थानीय माध्यमों के जरिए यात्रा करने से बचें। बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने भारत विरोधी नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि हादी पर हमला करने के बाद हमलावर भारत भाग गए। ऐसे में भारतीय नागरिकों के लिए बांग्लादेश में हालात काफी नाजुक बने हुए हैं। हादी की मौत के बाद देश के नाम एक टेलीविजन संबोधन में, बांग्लादेश के अंतरिम चीफ, मुहम्मद यूनुस ने कहा, उनका जाना देश के पॉलिटिकल और डेमोक्रेटिक क्षेत्र के लिए एक ऐसा नुकसान है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। नागरिकों से शांत रहने की अपील करते हुए, यूनुस ने कहा कि सरकार एक पारदर्शी जांच कराएंगे और हर उस व्यक्ति को सजा दिलाएंगे, जो इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं।



### बांग्लादेश में राजकीय शोक घोषित

यूसुफ ने संयम बरतने की भी अपील की और चेतावनी दी कि हिंसा देश के भरोसेमंद चुनाव के रास्ते को सिर्फ कमजोर करेगी। अंतरिम एडमिनिस्ट्रेशन ने हादी के सम्मान में शनिवार को एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है, जिसमें राष्ट्रीय झंडे आधे झुके रहेंगे और पूरे देश में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तोशाखाना केस में कोर्ट का बड़ा फैसला: इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को 17 साल की सजा, करोड़ों का जुर्माना

नई दिल्ली। पाकिस्तान की जवाबदेही अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार देते हुए 17-17 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला शनिवार को रावलपिंडी स्थित अत्यधिक सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनाया गया, जहां इमरान खान पहले से ही बंद हैं।



### किस मामले में सुनाई गई सजा?

अदालत के अनुसार, यह मामला वर्ष 2021 में सऊदी अरब से मिले सरकारी उपहारों के गलत इस्तेमाल और कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश ने दोनों को आपराधिक विश्वासघात और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दोषी माना। फैसले में इमरान खान और बुशरा बीबी को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाते हुए कुल 17 साल की कैद दी गई। जेल की सजा के साथ-साथ अदालत ने इमरान खान और बुशरा बीबी पर एक-एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। अदालत का कहना है कि सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग को गंभीर अपराध मानते हुए यह फैसला दिया गया है। इधर, अदियाला जेल के बाहर प्रदर्शन करने को लेकर इमरान खान की बहनों और पार्टी समर्थकों पर भी पुलिस कार्रवाई हुई है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि जेल के बाहर कानून व्यवस्था बाधित करने के चलते आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। जेल में रहते हुए इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर भी तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा नीतियों के कारण देश में आतंकवाद बेकाबू हो रहा है और राष्ट्रीय हितों की अनदेखी की जा रही है। उनके बयान ने पाकिस्तान की सियासत में एक नई बहस छेड़ दी है।

## असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत: एक घायल; ट्रेन के 5 डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे

नगांव/गुवाहाटी। असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए।



कोहरे के कारण हादसे की आशंका

यह हादसा सुबह 2.17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।

नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि हादसा गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर दूर लुमडिंग डिवीजन के तहत जमुनामुख-कांपुर सेक्शन में हुआ। हादसे वाली जगह अधिसूचित हाथी कॉरिडोर नहीं है। अधिकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड अचानक ट्रेन के सामने आ गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन इसके बावजूद हाथी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुपर फ्लु के कारण हास्पिटल हाऊसफुल

### यूएस, यूके केनेडा में H3NI का कहर

### सबसे ज्यादा मरीज 19 साल से भी छोटे

### 14000 फ्लु के केस दर्ज

न्युयार्क। यूके और केनेडा में हाली डे सीजन के पहले हाउसफुल में भीड़ देखी जा रही है। बहुत तेज गति से फैल रहे इन्फ्लुऐंजा H3NI का वेरियेंट है। जिसे ''सबक्लेड'' के रूप में पहिचाना जाता है। डाक्टरों ने चिन्ता व्यक्त की है कि, यह इम्युनिटी को बायपास करती है। इसी के साथ, भूतकाल में ली हुई वैक्सीन इसके सामने बेअसर है।



वर्ल्ड हेल्थ आरगेनाइजेशन ने कहा है कि, यह एक सीजनल रेस्पीटरी इन्फेक्शन है। यह मौसमी इन्फ्लुऐंजा के लक्षणों में तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, नसों में दर्द, सुखी खांसी, गले में दर्द, बहती या बंद नाक, नींद में तकलीफ जैसे लक्षण इसमें शामिल हैं। न्युयार्क में पिछले वर्ष से 460 फीसदी अधिक 14000 केस दर्ज हैं। मेडिकल एक्सपर्ट के मतानुसार, इनफ्लुऐंजा वायरस सतत् परिवर्तित है। जिसके कारण, वह रोग प्रतिकारक शक्ति देती है। ठण्ड के मौसम में रोग प्रतिकारक शक्ति कमजोर हो जाती है। इस कारण, वह तेजी से फैलता है। पांच साल से छोटे बच्चे, बुढ़े, सगर्भा महिलाएं, अस्थमा और डायबिटिज, हृदय रोग अथवा न्युरोला जिकल डिसआर्डर ग्रस्त मरीजों के लिए सर्वाधिक जोखिम है। जानकारों के अनुसार यह फ्लु सीजन सामान्य से अधिक केस दिखा सकता है। येल स्कुल आफ मेडिसीन के इन्फेक्शन डिसीज के विशेषज्ञ प्रोफेसर डाक्टर ने कहा है कि, सबक्लेड या स्ट्रैन पूर्व के प्रकारों से अधिक केसेज हो सकते हैं। येल स्कुल आफ मेडिसीन के इन्फेक्शन रोग के डाक्टर विशेषज्ञ प्रोफेसर डाक्टर ने बताया था कि फ्लू सीजन में बड़ी संख्या में केसेज दर्ज हुवे थे। इस वर्ष से सबक्लेड या स्ट्रैन के कारण केसों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

## किसानों से दलहन-तिलहन उपार्जन की केन्द्र ने दी स्वीकृति, खरीफ में उपार्जन के लिए 425 करोड़ रुपए मंजूर

रायपुर(दावा)। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम में छत्तीसगढ़ को दलहन और तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन की अनुमति मिल गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के बीच हुई चर्चा के बाद केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन में दलहन-तिलहन उपार्जन के लिए 425 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से खरीफ और रबी सीजन के लिए कुल 1 लाख 22 हजार मीट्रिक टन दलहन-तिलहन उपार्जन का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था। इसमें खरीफ के लिए 50 हजार मीट्रिक टन और रबी के लिए 72 हजार मीट्रिक टन शामिल हैं। फिलहाल केंद्र से खरीफ की फसलों के उपार्जन की



## बाबा गुरु घासीदास का संदेश मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सारंगढ़ स्थित गुरु घासीदास ज्ञान स्थली, पुष्पवाटिका में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरु घासीदास रजत जयंती समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने ज्ञान स्थली में स्थापित जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान÷ सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। उन्होंने कहा कि जिस दौर में समाज छुआछूत, भेदभाव और रूढ़ियों से जकड़ा हुआ था, उस समय बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का निर्भीक संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में धान का रकबा और किसानों की संख्या दोनों में वृद्धि हुई है, जो कृषि क्षेत्र में सरकार की नीतियों के प्रति किसानों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। सरकार प्रत्येक पात्र किसान से धान खरीदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### आज चिखली में हॉकी लीग का उद्घाटन करने आएंगे डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। आज रविवार को क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह का दोपहर 1 बजे शहर आगमन हो रहा है। डॉ. सिंह आज सुबह 11:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे। यहां वे दोपहर 1:30 बजे गायत्री विद्यापीठ में एक बैठक लेंगे। तत्पश्चात 2:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास पहुंचेगे जहां उनका समय आरक्षित हैं।

**सिल्वर स्क्रीन में 'मनुष्य' का करेंगे प्रमोशन**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह अपराह्न 4 बजे आज रविवार को चिखली स्कूल मैदान ढाबा रोड में छत्तीसगढ़ हाकी लीग का उद्घाटन करने पहुंचेंगे। वहां से वे 6 बजे न्यू गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन पहुंचेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि डॉ. रमन सिंह देर शाम 7 बजे शहर के एक गुप्ता परिवार द्वारा निर्मित मनुष्य फिल्म का प्रमोशन करेंगे। इसके बाद डॉ. सिंह 7 बजे यहां से प्रस्थान कर कार द्वारा विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर पहुंचेंगे।

### ट्रेन से कटने पर महिला की मौत

डोंगरगढ़ (दावा)। गुरुवार को मा बमलेश्वरी ज्योति कलश विसर्जन मार्ग पर स्थित मां शीतला मंदिर के पास से गए रेलवे ट्रैक पर महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



**मामला-शीतला मंदिर के पास रेलवे ट्रैक का**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महिला शहर के वार्ड नंबर 2 दन्तेश्वरी पारा बंशी दुकान के पीछे गली की निवासी है। महिला का नाम राजिम पटेल पति बलिशा पटेल उम्र लगभग 45 वर्ष बताया गया है। जीआरपी पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया की उन्हें गुरुवार को सूचना मिली कि कोई अज्ञात महिला रेलवे ट्रैक खंभा नंबर 928/32,30 के पास कट गई है। सूचना पर तत्काल टीम रवाना हो महिला के मृत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा गया। जीआरपी मुंशी श्री टिग्गा से मिली जानकारी अनुसार महिला के मृत्यु का कारण अज्ञात बताया गया है। घटनास्थल पर कोई सोसाईट नोट प्राप्त हुआ है।

### आज ब्रह्माकुमारीज द्वारा 'ज्ञान मानसरोवर' में विश्व ध्यान दिवस पर विशेष आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में डोंगरगांव रोड, गोकुल नगर के आगे, बिजली सब स्टेशन के पास स्थित 'ज्ञान मानसरोवर' में 21 दिसम्बर 2025 रविवार को विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे )का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 7 बजे से 10बजे तक विश्व की एकता एवं विश्वास के लिये विशेष ध्यान योग मेडिटेशन किया जाएगा। इसमें अनेक साधक भाई-बहनें ध्यान योग करेंगे। उपरोक्त जानकारी ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी ने देते हुए सभी से मेडिटेशन (ध्यान योग) का लाभ लेने की अपील की है।

### राइस मिल में हादसा, एक की मौत

राजनांदगांव(दावा)। नेशनल हाईवे में चिचोला के पास स्थित



महराजपुर के गुरुदेव राइस मिल में हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल होने की खबर सामने आ रही है। चिचोला थाना प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि, राइस मिल के टांके में मजदूर चांवल लोड कर रहे थे, लेकिन ओवरलोड होने पर यह हादसा हो गया। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं घायलों को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज हास्पीटल भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, कार्यवाहक अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा तथा महामंत्री चुम्मन साहू भी उपस्थित रहे।

### एस वी राजोरिया का निधन



राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार अधिकारी एस.वी. राजोरिया का कल 19 दिसंबर को रात्रि 11.15 स्वर्गवास हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास स्थान एफ-2 रामकृष्ण नगर राजनांदगांव से 21 दिसंबर को प्रातः 9.30 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।







# घने कोहरे के साथ सर्दी की ठिठुरन ने लोगों को कंपकंपाया

## स्कूली बच्चों को आज से मिलेगा शीतकालीन अवकाश



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश सहित समूचे अंचल में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतलहर के चलते सुबह घना कोहरा छा रहा है और रात में शीत गिर रही है। आलम यह है लोग इस सर्दी के सितम से बचने गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं, वहीं रात में जल्द ही तथा सुबह देर तक कंबल रजाई में दुबके रहना पसंद कर रहे हैं।

बता दें कि दिसंबर का पहला पखवाड़ा सर्दीला रहा। इस दौरान तापमान का पारा 8 से 9 डिग्री पर ठहरा रहा। वनांचलों में शहर की तुलना में 2 से 3 डिग्री की गिरावट रही, वहीं पठारी इलाकों में लोग ठंड से बेहाल है। इस तरह देखा जाए तो ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। प्रदेश में शीत लहर का सबसे ज्यादा प्रभाव बलरामपुर रामानुज गंज में देखने में आ रहा है वहां का तापमान सबसे कम 19.4 डिग्री आंकी गई है वहीं सबसे ज्यादा तापमान 29.3 डिग्री सुकमा जिले का है। राजनांदगांव जिले का तापमान 27.5 डिग्री बना हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड का प्रभाव और भी बढ़ने की संभावना जताई है। इससे खास कर उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ के इलाकों में ठिठुरन और भी बढ़ सकती है। इस शीतलहर के चलते हवा में अत्यधिक नमी बनी रहने से लोग ठंड से ठिठुरने लगे हैं। सुबह 9-10 बजे के बाद गुनगुनी धूप सुहानी लग रही है, वहीं शाम के 5 बजे के बाद फिर से ठिठुरन बढ़ जाती है। इससे बचने लोग मुंह कान को ढांपे गर्म कपड़ों के लबादे में नजर आते हैं। शहर में जगह-जगह अलाव जल रहे हैं जिसे रात में काम करने वाले मजदूर, रिक्शा चालक व देर-सबेर रात में आने- जाने वाले लोग तापते नजर आते हैं।

**सर्दी मौसम के जद में हैं जिला**

बताते चलें कि, उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाओं का प्रभाव प्रदेश के अन्य जिलों के साथ राजनांदगांव जिले में भी देखने को मिल रहा है। इससे यह कहा जा सकता है कि, अपना राजनांदगांव जिला इस समय सर्दी मौसम के जद में हैं। जिले के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इससे लोग खासतौर से सर्दी-खासी और वायरल फीवर बुखार के गिरफ्त में हैं। चिकित्सक लगातार लोगों सर्दी से बचने न सिर्फ दवाईयों के देशी नुक्खे भी बता रहे हैं। इसके बाद भी सरकारी अस्पताल व निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

**स्कूली बच्चों का शीतकालीन अवकाश**

बता दें कि इस शीतलहर के बीच स्कूली बच्चों का शीतकालीन अवकाश जल्द ही लगने वाली है। इस छुट्टी का लाभ स्कूलों बच्चे अपने अभिभावक के साथ घूमने-फिरने के लिए उपयोग कर सकते हैं। बताते चलें कि, जिले सहित प्रदेश के स्कूलों में 22 दिसंबर यानी आज से 28 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश घोषित है। 21 एवं 28 दिसंबर को साप्ताहिक छुट्टी का दिन है। इस प्रकार शीतलहर के मौके पर कुल 8 दिन की लंबी छुट्टी का लाभ जमकर उठाया जा सकता है। इस अवकाश को लोग न्यू ईयर इंजाय के लिए भी कर सकते हैं वहीं पिकनिक अथवा किसी मनोरंजक स्थल या धर्म स्थल दर्शन का प्रोग्राम बना कर शीतकालीन छुट्टी का मजा ले सकते हैं।

## शराब पीने के लिये पैसों की मांग, नहीं देने पर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में शराब के लिए पैसों की मांग करने व नहीं देने पर मारपीट करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार जेल भेज दिया है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद्र मरई ने बताया कि, उक्त मारपीट की घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा चिखली चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गत 16 दिसंबर को दोपहर लगभग 03:00 बजे शराब लेने के लिए चिखली शराब दुकान गया था वहां विजय यादव दारू व पैसा मांगने लगा दारू नही देने पर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मेरे दारू का पौवा को ले लिया और उसी पौवा से मेरे सिर मे मार कर चोट पहुंचाया और फरार हो गया है। प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर ग्राम करेला थाना घुमका से घेराबंदी कर आरोपी विजय यादव पिता स्व. शंकर यादव उम्र 22 साल निवासी महादेव नगर गौरीनगर वार्ड नं. 13 को हिरासत मे लेकर पुछताछ किया जो घटना घटित करना स्वीकार किया। इस पर आरोपी के विरूद्ध प्राप्त साक्ष्य सबुत के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय पेश कर वहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल कर दिया गया।

## शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाला पकड़ाया




**राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था भंग करने वालो के खिलाफ कड़ा एक्शन ले रही हैं। कानून तोड़ने वालो में भय का माहौल बना हुआ है।**

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि ग्राम शिकारीटोला से आवेदक मोतीलाल डहरे ने थाना आकर अनावेदक द्वारा वाद विवाद करने की शिकायत दर्ज कराई। जिसकी जांच के दौरान अनावेदक देवा दास डहरे द्वारा आक्रोशित होकर आवेदक को मेरे विरूद्ध पुलिस में झूठा रिपोर्ट किये हो कहकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से प्रार्थी से वाद-विवाद करने लगा। पुलिस द्वारा समझाने पर भी वह नहीं माना और मारपीट करने पर उतारू होकर उपद्रव करने लगा। इस पर आरोपी देवा दास डहरे पिता रामदास डहरे उम्र 35 वर्ष ग्राम शिकारीटोला को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर उस पर प्रतिबंधित करने धारा 126,135(3) बीएनएसएस के तहत तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया है।

## जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने किया जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ




राजनांदगांव(दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में 19 दिसंबर को गांधी सभागृह में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा के मुख्य आतिथ्य श्रीमती पूनम बिराज, श्रीमती रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

श्री राजपूत ने उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार ने युवाओं को बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रदान कर रहे है, जिसमें एक पहल युवा उत्सव भी है, इसे हम स्वामी विवेकानंद जी के याद में मनाते है, यह अवसर आज के युवाओं को मिल रही है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में आए सभी प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन कर चयनित होकर आगामी दिनों बिलासपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे, मैं उन प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं देता हु।

सहायक संचालक ए. एक्का ने बताया कि विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। इस युवा उत्सव में चारों संभागों से कुल 250 प्रतिभागी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में लोकनृत्य, लोकगीत, पंथी, सुआ, राउत नाचा, एकांकी, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, वाद-विवाद, पारंपरिक वेशभूषा, नवाचार जैसे प्रतियोगिता शामिल है।

कार्यक्रम का समापन फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्रीमती कविता वासनिक, राजेंद्र लाल यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अंसारी ने सभी विकासखण्डों से आए हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कहा कि युवा उत्सव के आयोजन से युवा को अपनी कला संस्कृति और प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करना है। सौहाद्र टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलता है। विभिन्न जिलों के युवाओं को एक साथ आने और उन्हें कई मुद्दों पर विचार करने का अवसर मिलता है। प्रमुख लोकनृत्य, लोकगीत, पंथी, सुआ, राउत नाचा, एकांकी, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, वाद-विवाद, पारंपरिक वेशभूषा, नवाचार, से बौद्धिक विकास को ब?ावा मिलता है। युवा उत्सव में प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुदेश यादव, संतोष यादव, सुरेन्द्र साहू, संजू नागदेव, ईश्वर मेश्राम, पुनाराम यादव, पंकज सोलंकी, ललित मानकर, महेश्वर साहू, रितेश देवांगन, सुश्री पंचशीला सहारे ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नोडल अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर, रोशन वर्मा, भूपेश यदु, शैलेन्द्र तिवारी, उमेश दास वैष्णव, प्रेरणा राणे (खेल विभाग), उमेश साहू, हेमंत साहू, दिलीप निषाद, राजाराम साहू, रूपेंद्र साहू, कलाराम साहू, पुनेश्वर मांडवी, मनोज साहू आदि उपस्थित थे। कायक्रम का संचालन सुरेन्द्र साहू ने किया तथा ए. एक्का सहायक संचालक ने आभार व्यक्त किया।

## रायपुर की कार्रवाई से उजागर हुई फूड विभाग की संदिग्ध भूमिका - अशोक फड़नवीस

### फूड विभाग पर मासिक उगाही के आरोप, फैक्ट्री मालिक के साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रायपुर के फूड अधिकारियों द्वारा नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री पर की गई छापेमारी ने न केवल मिलावट के खतरनाक खेल को उजागर किया है बल्कि राजनांदगांव फूड विभाग की भूमिका पर भी संदेह की गहरी छाया डाल दी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक फड़नवीस ने इस पूरे मामले को विभागीय मिलीभगत का परिणाम बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। खाद्य सुरक्षा नियम अधिनियम 2006 के तहत के तहत फैक्ट्री मालिक और विभाग के फूड इंस्पेक्टर भी नियमानुसार दोषी है। संविधान के अनुसार इन्हें दोषी मानते हुए प्रथम दृष्टि में प्रमुख दोषी है इन पर भी अपराधिक मामला बनता है तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। रायपुर फूड विभाग की टीम द्वारा नकली पनीर निर्माण करने वाली फैक्ट्री पर की गई कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि मिलावट का यह कारोबार किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक फड़नवीस ने आरोप लगाया कि फूड विभाग की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा अवैध व्यवसाय फल-फूल ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव का फूड विभाग जहां एक ओर मासिक उगाही में व्यस्त रहा, वहीं दूसरी ओर आम जनता की सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ होता रहा। नकली पनीर के माध्यम से न जाने कितने परिवारों के स्वास्थ्य को खतरे में डाला गया बच्चों और जिम जाने वाले युवाओं को जहरीला पनीर खिलाया गया। श्री फड़नवीस ने सवाल उठाया कि यदि रायपुर की टीम समय पर आकर कार्रवाई नहीं करती, तो यह अवैध फैक्ट्री शायद आज भी धड़ल्ले से नकली पनीर का उत्पादन कर रही होती। प्रोटीन की अधिक मात्रा के कारण पनीर बच्चों और युवाओं की पहली पसंद होता है ऐसे में मिलावटी पनीर का बाजार में खुलेआम बिकना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि फूड विभाग की मॉनिटरिंग व्यवस्था पूरी तरह संदेह के घेरे में है। पनीर ही नहीं बल्कि ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं जो आम लोग रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करते हैं, लेकिन उन पर जांच कब होती है यह सुनने में ही नहीं आता। विभाग के अधिकारी केवल वसूली में लगे रहते हैं और लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को संरक्षण देते हैं।।इस पूरे मामले में अशोक फड़नवीस ने स्पष्ट मांग की कि केवल फैक्ट्री मालिक ही नहीं बल्कि फूड विभाग के उन जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई और इस घातक कारोबार को पनपने दिया।

## नौरिन का मुंबई तथा गुलशन, हिमांशु, योगेश, ओम का बिलासपुर एवं पूनम, श्रेया, और दीपांशी का चयन स्टेट सेंटर रायपुर में



राजनांदगांव (दावा)। खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कु. नौरिन हयात अंसारी का चयन एनसीओई मुंबई के लिए किया गया है। एक विज्ञप्ति में जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया कि नौरिन हयात अंसारी विगत 4 वर्षों से खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए जिला हॉकी संघ राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ हॉकी का प्रतिनिधित्व करते आ रही है। कु. नौरिन राउरकेला (ओडिशा), सिकंदराबाद (तेलंगाना), रांची (झारखण्ड), राजनांदगांव में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से शामिल हुई है। खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के कोच शकील अहमद ने बताया कि नौरिन हयात शुरुवाती दौर से ही गोलकीपर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और शानदार खेल के बदौलत आज मुंबई एनसीओई में अपनी जगह बनाई है। इसके साथ ही पूर्व में खेलो इंडिया सेंटर के गुलशन यादव, सेल एकेडमी राउरकेला में तथा हिमांशु मलिक, योगेश मेश्राम, राशि मांडवी, ओम यादव का चयन खेलो इंडिया सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर तथा पूनम देवांगन, श्रेया देवांगन, दीपांशी सेन का स्पोर्ट्स हॉस्टल रायपुर में चयन हुआ है। चयनित सभी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से खेलते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। चयनित सभी खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के एनआईएस कोच शकील अहमद से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## एम्स रायपुर में औषधि-ईआर का शुभारंभ

रायपुर। स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर के आपातकालीन चिकित्सा विभाग ने औषधि-ईआर नामक वेब-आधारित, स्वदेशी ऑनलाइन दवा इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ किया है। यह प्रणाली आपातकालीन सेवाओं में दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इन्वेंट्री संचालन को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। यह नवाचारी प्रणाली सृजन (एसआरआईजेएन साइंटिफिक्र रिसर्च एंड इनोवेशन जंक्शन फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड न्यू बायोमेडिकल टेक्नोलॉजीज) के अंतर्गत विकसित की गई है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

139-3 478-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## डीईओ ने निकाला तुगलकी फरमान, शीतकालीन अवकाश में होगी 10-12 वीं के बच्चों की होगी पढ़ाई

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले में व्याख्याता को हॉस्टल आश्रम अधीक्षक बनाकर अटैच कर दिया गया है। 3 महीने से स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में संविदा शिक्षक भर्ती का विज्ञापन निकालकर कुंभकर्णीय नींद में सोया हुआ है। पूरे साल जिले भर के हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों के संबंधित प्राचार्य, शिक्षा विभाग के कुर्सी तोड़ रहे। अधिकारियों का स्कूलों के प्रति कोई भी मॉनिटरिंग नहीं रहा है। अब बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नतीजे लाने के नाम पर राज्य शिक्षा विभाग संचालक शिक्षा विभाग के आदेश के विरुद्ध शीतकालीन अवकाश को जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने निरस्त करने का अजीबो गरीब फरमान निकला है। आदेश के अनुसार, 10वीं 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करने अध्यापन कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों की छुट्टी जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा रद्द कर स्कूल लगाने का फरमान जारी किया है। इस आदेश की माने तो पूरे शीतकालीन अवकाश में जिले के हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों में विशेष समय सारणी बनाकर कोर्स पूरा करना है और गत 3 वर्षों के बोर्ड के प्रश्नपत्र का अभ्यास कराया जाना है। इस तुगलकी फरमान के अनुसार राज्य सरकार द्वारा घोषित अवकाश रद्द कर 10वीं 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करना है तो स्कूल नियमित खोलना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग में नियमों के अनुसार बच्चों की साल भर का पाठ्यक्रम घोषित कर अध्यापन कराया जाता है. इस वर्ष बिना कोई व्यवधान के आखिर कितने हाई और हॉयर सेकेंडरी स्कूलों का पाठ्यक्रम अधूरा है. जिसके चलते पूरे जिले के स्कूल के बच्चों का शीतकालीन अवकाश रद्द कर स्कूल लगाने वाला आदेश जारी किया गया है.

# दो ट्रेक्टर लकड़ी जब्त: विभाग सवालों के घेरे में

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र सहित आसपास के जंगल व खेत से बेस कीमती और औषधीय लकड़ी की कटाई जोरों पर है. आसपास के क्षेत्र में कुकुरमुत्ता की तरह पहले अवैध ईंट भट्ठों में कीमती लड़कियों को काटकर आग के हवाले किया जा रहा है.



जिससे पर्यावरण को नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जमीन पर भी बुरा असर पड़ रहा है. संबंधित विभाग व्दारा अवैध रूप से पेड़ काट कर लकडियों के अवैध परिवहन को रोकने के मामले में यदाकदा ही कार्रवाई की जाती है. बहरहाल कुमरदा तहसीलदार के द्वारा ग्राम रतनभाट से लौटते वक्त रैंडम निरीक्षण के दौरान ग्राम कलडबरी में कीमती लकड़ी के अवैध परिवहन को देखते हुए पूछताछ की और वैध दस्तावेज प्राप्त नहीं होने की स्थिति में दोनों ट्रैक्टरों को डोंगरगांव थाने सुरक्षत रखा गया है. इस विषय में तहसीलदार आकांक्षा साहू ने बताया कि लकड़ी ठेकेदार पुरुषोत्तम साहू निवासी गोड़लवाही के द्वारा चिखलामटिया के एक खेत से साजा और अन्य कीमती लकड़ी का परिवहन बाजार नवागांव निवासी प्रभुराम प्रजापति के यहां ले जाया जा रहा था. मौके पर उपस्थित ड्राइवर से लकड़ी के संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया और कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाएं, जिसके चलते लकड़ी से भरे दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है. इस कार्रवाई में आकांछा साहू तहसीलदार, नायब तहसील प्राची लांगे, आरआई माधव कुर्रे, चन्द्रहास भंडारी कुमरदा शामिल रहे.

**बगैर अनुमति कीमती लकड़ी की कटाई और परिवहन, हुई कार्यवाही**

### राजस्व और वन विभाग कार्यवाही में सुस्त

शिवनाथ नदी, छोटे नालों और खेतों में सैकड़ों की संख्या में ईंट भट्टे संचालित हैं, जिसमें बड़ी मात्रा में लकड़ी का भी उपयोग किया जाता है लेकिन इसकी जांच करने के लिए कोई भी टीम नहीं है और न ही जिला प्रशासन इस विषय में गंभीर है. अन्य राज्यों से आकर ईंट बनाने वाले सैकड़ों की संख्या में अपना ठिकाना क्षेत्र के कुम्हारों के नाम पर ईंट भट्ठों का संचालन करते हैं और इन ईंट भट्ठों की स्थापना जंगल, पहाड़, नदी-नालों के नजदीक स्थापित करते हैं जहाँ से उन्हें वृहद मात्रा में लकड़ी और पानी उपलब्ध हो जाता है. इसके अलावा सस्ती बिजली और पानी के लिए अनेक किसानों से सांठगांठ कर अवैध उपयोग बेरोकटोक कर रहे हैं. संबंधित विभाग किसी शिकायत का इंतजार करते हैं, जबकि क्षेत्र की जमीन, पानी और बिजली का दोहन धड़ल्ले से हो रहा है.

# गुम बालिका को बसंतपुर पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में अपनी सजगता का परिचय देते हुए अपने थाना क्षेत्र की गुम बालिका को हैदराबाद के अलमसगुड़ा से बरामद कर लाया और उसके उसके परिजनों के हवाले किया। बसंतपुर पुलिस की सजगता और सक्रियता की सराहना करते हुए गुम बालिका माता पिता ने उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया है और दिल से धन्यवाद दिया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि, विगत 24 जुलाई को घटी उक्त घटना के संबंध में प्रार्थिया द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी नाबालिक बालिका को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा माता पिता के विधिपूर्ण संरक्षण से बहला फुलसाकर भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं अपराध क्रमांक 327/2025 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। श्री साहू द्वारा इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता (भा.पु.से.) को दी गई। तत्पश्चात एसपी सुश्री शर्मा द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गुम बालिका के पतासाजी हेतु दिये गए मार्गदर्शन पर बसंतपुर पुलिस द्वारा गुम बालिका के पतासाजी हेतु प्रयास किया जा रहा था।

### हैदराबाद से बरामद कर लाई गई बालिका

इस दौरान गुम बालिका के अलमसगुडा (हैदराबाद) में होने की सूचना प्राप्त होने उपरान्त थाना प्रभारी एमन साहू द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गुम बालिका के पतासाजी के संबंध में टीम गठित कर रवाना किया तथा गठित टीम टीम द्वारा गुम बालिक को अलमसगुडा (हैदराबाद) से बरामद कर दस्तयाब शुमार कर बालिका को उनके माता-पिता को सुपुर्द नामे पर दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं रामचरण साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर करें कार्रवाई - कलेक्टर



**कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की ली बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को एग्रीस्टेक में आने वाली दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान करें। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन आवश्यक है, जिसमें कृषि भूमि का पंजीयन प्राथमिकता से कराना है। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए ऐसे किसान जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है, उसकी सूची ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को देने के लिए कहा। कलेक्टर ने मेढ़ा, मुरमुंदा सहित ऐसे स्थान जहां एग्रीस्टेक पोर्टल में तकनीकी समस्या आ रही है। उसके लिए समन्वय करते हुए अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत एवं निष्ठापूर्वक उत्कृष्ट कार्य करें और फील्ड में निरीक्षण करते रहे। जिससे वस्तुस्थिति की जानकारी से अपडेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि धान का अवैध परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई जारी रखें तथा धान उपार्जन केन्द्रों की सतत मानिटरिंग करते रहे। उन्होंने सभी से कहा कि निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें तथा इसके संबंध में जानकारी देने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जिससे स्टेकिंग सही तरीके से होगा तथा भौतिक सत्यापन अच्छे से होगा। उन्होंने समिति प्रबांकों से कहा कि सजग रहते हुए ईमानदारी से कार्य करें। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में शुद्ध धान खरीदी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। कलेक्टर ने सभी पटवारियों से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव प्रारंभ हो गया है। निर्धारित नियमों के अनुरूप सर्तक एप के माध्यम से धान के उठाव की निगरानी की जा रही है। सभी आरईएओ बेहतर कार्य करें। धान की एन्ट्री, रकबा समर्पण, भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के कार्य लगातार करते रहे। उन्होंने सभी अधिकारयों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण करें, ताकि सही तरीके से स्टेकिंग एवं अन्य कार्य हो सकें। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत ऐसे किसान जो छूट गए है, उन्हे जोडने् के लिए कहा। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने कहा कि सर्तक एप के माध्यम से धान के उठाव का कार्य जारी है। एप के माध्यम से धान के उठाव के लिए वाहन का लोकेशन ट्रेस करने के साथ ही वास्तविक रूप से धान का उठाव एवं भौतिक सत्यापन की मानिटरिंग होगी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर एवं अन्य अधिकारी तथा सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# आज सनसिटी में सुंदरकांड महोत्सव की बीसवीं माला का 108 वां पाठ



**श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों संग 108 जोड़े करेंगे सुंदरकांड पाठ**

राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा वर्ष 2015 के पावन पुरुषोत्तम मास में रायपुर नाका वाले बालाजी महाराज के आदेश से पूरे एक माह विभिन्न मंदिरों में श्री सुंदरकांड पाठ करने का संकल्प लिया गया।

जैसे जैसे पाठ होते गए, विभिन्न घरों से श्री सुंदरकांड पाठ की मांग आने लगी तब एक वर्ष तक मंगलवार, शनिवार एवं रविवार को पाठ करना प्रारंभ हुआ। श्रृंखला बढ़ती गई, प्रदेश के अनेक शहरों में पाठ होने लगे और बढ़ते बढ़ते देशभर से श्री सुंदरकांड पाठ की मांग होने लगी। अभी तक देश के 15 प्रदेशों एवं नेपाल में पाठ हो चुके है। दस वर्षों में अब 20 वीं माला की पूर्णाहुति हो रही है।

श्री सुंदरकांड महोत्सव की 20 वीं माला का 108 वा अर्थात 2160 वा सुंदरकांड पाठ सन सिटी परिवार के तत्वाधान में आज 21 दिसंबर 2025 रविवार के दिन सन सिटी परिसर के बास्केटबाल ग्राउंड प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों एवं सन सिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, सचिव दिलीप गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजेश डागा वरिष्ठ सदस्य अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल, गोविंद मलानी, राजेश गुप्ता अग्रहरि, राहुल अग्रवाल, मनीष सहिता संहित कीर्ति भोजानी, कुणाल विशाल शर्मा, लालू सांखला द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 20 वीं माला का 108 वा पाठ 108 भक्त जोड़े के साथ आज 21 दिसंबर रविवार को सन सिटी परिवार के संयोजकत्व में आयोजित है।

श्री सुंदरकांड महोत्सव की व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी। समिति के योगेश कोटक, दीपक अग्रवाल, निखिल मिश्रा एवं श्याम शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108 वा पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसमें 108 जोड़े सामूहिक रूप से सम्मिलित होकर श्री सुंदरकांड का पाठ करते हैं। अभी तक 20 वीं माला के 107 पाठ पूर्ण हो चुके है, आज 20वीं माला का 108 वा पाठ अर्थात 2160 वा पाठ 21 दिसंबर रविवार को सन सिटी परिसर के बास्केटबाल ग्राउंड प्रांगण में आयोजित है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सुबह 10:08 बजे से हमारे हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5:40 बजे से श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ो द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। रात्रि 09:00 बजे से महाप्रसादी होगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालु भक्त माता, बहनों एवं बंधुओ से इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर तन, मन, धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# ग्राम पंचायत पाडेटोला में जल जीवन मिशन फेल, 5 वर्षो से बनी पानी टंकी से नहीं पहुंच रहा घर-घर जल



राजनांदगांव (दावा)। जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पांडेटोला में जल जीवन मिशन की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। यहां लगभग 5 वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक उस टंकी से ग्रामवासियों के घरों तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। टंकी केवल शो-पीस बनकर रह गई है, जबकि ग्रामीण आज भी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने बताया कि पानी टंकी का निर्माण कार्य तो ठेकेदार द्वारा पूरा कर दिया गया, लेकिन टंकी को पाइपलाइन से जोड़ने और घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। इसी कारण बीते 5 वर्षों से टंकी से एक बूंद पानी भी लोगों को नसीब नहीं हो रहा है। मजबूरी में ग्रामीणों को कुएं, हैंडपंप या दूरस्थ जलस्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने का सपना देखा गया था, लेकिन ग्राम पंचायत पांडेटोला में यह सपना साकार नहीं हो पाया है। योजना कागजों में पूरी दिखाई जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल फोन या तो बंद रहता है या वह कॉल रिसीव ही नहीं करता। वहीं पंचायत और संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से भी कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए वर्षों से भटक रहे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा शीघ्र ही पाइपलाइन कनेक्शन कर घर-घर नल से जल आपूर्ति शुरू की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीण जनों ने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेताओं को भी पानी टंकी (पानी की समस्या) को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण से ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

# 31 दिसंबर तक सभी कार्यक्रमों में प्रगति लावे - सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन

डोंगरगढ़ (दावा)। सीएमएचओ डॉक्टर नेतराम नवरतन के दिशा निर्देश एवं डीपीएम संदीप ताम्रकार की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव एवं बीपीएम मुक्ता के द्वारा स्थानीय शिवाजी के परिसर में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी अपेक्षित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ डॉक्टर नवरतन ने कहा की सभी कार्यक्रमों में 31 दिसंबर तक प्रगति लावे, आधार बेस अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी आगामी जनवरी माह में अपनी उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों में जैसे 21 दिसंबर पल्स पोलियो, फाइलेरिया की दवा, 25 दिसंबर सुशासन दिवस, 22 दिसंबर टाइप 1 मधुमेह, जिसमें 14 साल तक के बच्चे जिन्हें मधुमेह है, उनको अभिभावक सहित जिला पंचायत भवन राजनंदगांव में कलेक्टर सर द्वारा मुलाकात कर सलाह दी जावेगी, जिसे लाइन लिस्टिंग करके ऐसे बच्चों को भेजने के लिए निर्देश दिया गया, 17 सितंबर को मेडिकल कॉलेज में विशाल कैंप के दौरान उच्च जोखिम मरीजों को फॉलोअप में ले जाने से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में चिरायु मेला जिसमें बाल हृदय रोगी, रेस्पिरेट्री डिजीज वाले बाल रोगियों के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है,जिसमें सत्य साई नया हॉस्पिटल रायपुर के योग्य चिकित्सकों एवं उनके टीम द्वारा प्रत्येक विकासखंड के चिन्हित 30 बच्चों का जांच एवं हार्ट का इको जांच मुफ्त में किया जावेगा, इस हेतु निर्धारित बच्चों की सूची 20 दिसंबर तक विकासखंड के माध्यम से जिले में भेजे जाने की बात कही, जिसका लक्ष्य विकासखंड में कार्यरत चिरायु की दोनों टीमों को दिया गया, इस महत्वाकांक्षी योजना को पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह का विशेष रुचिकर कार्य बताया,

**कार्य में गुणात्मक वृद्धि के लिए कमी दूर करें - बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव**

पल्स पोलियो कार्यक्रम की दृष्टि से डोंगरगढ़ में 0 से 5 वर्ष के 17600 बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य लिया है, जिसे 213 बूथ एवं आठ मोबाइल टीम तथा एक विशेष टीम गठित करके, इस लक्ष्य को प्राप्ति करने योजना बनाई गई, पल्स पोलियो कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉक्टर नवरतन विशेष तौर से निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पोलियो बूथ सेंटर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जीवनदीप समिति के सदस्यों तथा क्षेत्रीय विधायक से सहयोग लेकर केंद्र का उद्घाटन करावे, कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए डीपीएम ताम्रकार ने कहा कि आगामी जनवरी माह में कलेक्टर साहब के दिशा निर्देश में एनीमिया मुक्त भारत, कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत एवं कुपोषण मुक्त आंगनवाड़ी बनाने में स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों एवं सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी,अधिकारी, मितानिन बहनों से सहयोग लेकर लक्ष्य प्राप्ति का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए कहा, इस अवसर पर मितानिन कार्यक्रम के सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव को कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप देने के लिए निर्देशित किया, उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों की समीक्षा अटल मॉनिटरिंग पोर्टल,केंद्र सरकार एवं स्वास्थ्य सूचकांक की मॉनिटरिंग,राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है, उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि को- रिलेटेड सब सेंटर मैं एनसीडी एंट्री नहीं हो रही है, वर्तमान में ओरल कैंसर की समस्या बढ़ते जा रही है इस दिशा में बृहद योजना बनाने एवं ध्यान देने की बात कही।

विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव ने कहा कि कार्य में गुणात्मक वृद्धि के लिए कमी दूर करें तथा संवेदना के साथ कार्य करें, उन्होंने कहा कि लोगों का स्वास्थ्य विभाग के प्रति भरोसा बढ़ा है,जिसका परिणाम क्षेत्र में एक भी मातृ मृत्यु नहीं हुई है, आने वाले समय में शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु को ध्यान में रखकर अपनी सभी स्वास्थ्य सेवाओं पर जनमानस का भरोसा और विश्वास बढ़ाना पड़ेगा क्योंकि हम नर सेवा का कार्य कर रहे हैं।

# नवरंग ग्रुप की वार्षिक खेल स्पर्धा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। नवरंग ग्रुप राजनांदगांव एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति की संयुक्त तत्वावधान में सदस्यों के लिए सत्र 2025 की वार्षिक कार्यक्रम व खेलकूद स्पर्धा संपन्न हुई। जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न स्पर्धा के पुरुस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' का सम्मान भी किया गया। मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए संचालित होने वाली बर्फानी सेवाश्रम समिति एवं नवरंग महिला ग्रुप द्वारा सत्र 2025 के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों की आपसी चर्चा व आगामी वर्ष के लिए कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने के लिए विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नवरंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा तिलक व अक्षत लगाकर सभी का सम्मान कर स्वागत गीत से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात ठाकुर प्यारेलाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात नवरंग ग्रुप व बर्फानी सेवाश्रम समिति के सदस्यों के लिए विभिन्न खेल कौशल का आयोजन किया गया।



**0 सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा का किया सम्मान**
**0 बर्फानी सेवाश्रम समिति की भी रही सहभागिता**

नवरंग ग्रुप के सदस्यों के लिए क्वीज स्पर्धा के साथ ही बॉल से निशानेबाजी, गणित के अनसुलझे प्रश्नों के साथ ही फूल को कैच करने की स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें बॉल से निशानेबाजी में हिस्सा लेते हुए सदस्यों ने एक के बाद एक 5 बालों से एक निर्धारित लक्ष्य पर निशाने लगाने का क्रम प्रारंभ किया। जिसमें श्रीमती आरती तिवारी, श्रीमती अर्चना खंडेलवाल, श्रीमती अल्पना महेन्द्र लुनिया, श्रीमती आरती गणेश शर्मा को पुरुस्कृत किया गया। वहीं गणित के जोड़ घटाने के खेल में श्रीमती श्वेता जोशी, श्रीमती स्वाति परमार, कुमारी संस्कृति शर्मा, श्रीमती अन्नू अग्रवाल पुरुस्कृत हुई। वहीं सामान्यज्ञान के क्वीज स्पर्धा में श्रीमती निवेदिता बैद, श्रीमती ममता जोशी, श्रीमती आरती तिवारी ने पुरुस्कार प्राप्त किया। इसके पश्चात नवरंग ग्रुप के द्वारा आगामी 2026 की कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

इस अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष स्वाति परमार, दामोदर अग्रवाल, संजय खंडेलवाल के अलावा नवरंग ग्रुप के श्रीमती निवेदिता बैद, डा. अल्पना लुनिया, श्रीमती अन्नू अग्रवाल, श्रीमती आरती शर्मा, श्रीमती ममता जोशी, श्रीमती अर्चना खंडेलवाल, श्रीमती स्वाति परमार, श्रीमती श्वेता जोशी व कुमारी संस्कृति शर्मा ने आयोजित विभिन्न आयोजनों में सहयोग प्रदान किया। अंत में कार्यक्रम का आभार बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु ने व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया सुश्री दीक्षा नंदेश्वर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सीतागोटा श्री डिम्पल खापर्डे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोकपुर शैलेश साहू, पटवारी छुरिया प्रशांत सिंह ठाकुर, पटवारी घोघरे आशीष साहू, पटवारी बम्हनी चारभाटा सोनम कोकिला, पटवारी घुपसाल डेविड भूआर्य, पटवारी राहुल कसेट, पटवारी हुकुम चंद महिलांग, समिति प्रबंधक जोब धनसिंग, समिति प्रबंधक गहिराभेड़ी बसंत, समिति प्रबंधक कुमर्दा मनकलाल साहू, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र बोरतालाव भागचंद साहू, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र गहिराभेंडी रिमन्त कुमार साहू, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र जोब विनोद साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# जब सहारा कोई नहीं था, तब अन्नपूर्णा मुहिम बनी सहारा




डोंगरगांव (दावा)। जब उम्र साथ छोड़ दे, संतानें असहाय हों और आय का कोई साधन न बचे, तब जीवन केवल संघर्ष बन जाता है. ऐसी ही मार्मिक कहानी है तहसील डोंगरगांव के ग्राम तुमडीबोड़ निवासी 76 वर्षीय वृद्ध महिला प्यारी राम की, जिनके परिवार तक रामपाल महाराज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा मुहिम ने चौथी बार राहत पहुँचाकर मानवता की मिसाल पेश की.

मिली जानकारी के अनुसार प्यारी राम के परिवार में कुल तीन सदस्य हैं. उनकी दोनों संतानें खेमलाल 32 वर्ष एवं अमरिका बाई 36 वर्ष जन्म से गूंगी हैं तथा शारीरिक रूप से विकलांग हैं. परिवार में कोई भी सदस्य काम करने योग्य नहीं है. परिवार की मासिक आय मात्र 1500 है, जो तीनों को मिलने वाली पेंशन पर निर्भर है. परिवार एक टूटे-फूटे मकान में रहता है, जहाँ बरसात में छत टपकती है और रसोई की कोई अलग व्यवस्था नहीं है. कई बार गाँव की एक बेटी भोजन बनाकर दे देती है, अन्यथा परिवार को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इन हालातों को देखते हुए 19 दिसम्बर 2025 को अन्नपूर्णा मुहिम के तहत परिवार को सम्पूर्ण राशन किट प्रदान की गई, जिससे उनके सूने चूल्हे में फिर से आग जली.

यह शासन की ओर से चलाई जा रही योजनाओं पर भी करारा तमाचा है, जिसमें परिवार को केवल पेंशन देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती है, वहीं गांव और समाज को भी इस परिवार के विषय में गंभीरता से सोचना चाहिए. ऐसे अनेक बेसहारा परिवार हैं जिन्हें शासन-प्रशासन और समाज की जरूरत है.

## अनमोल दावा

**जीवन की हर सुबह एक नई शुरुआत का संकेत है।**

## भारतीय धरोहर की वैश्विक स्वीकार्यता सांस्कृतिक शक्ति से विश्व को परिचित कराने का अवसर

अंधकार पर प्रकाश की विजय के पर्व दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया है। भारत के लिए यह एक उपलब्धि है। अभी तक यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में भारत की 15 धरोहरें शामिल थीं। इनमें कुंभ मेला, गुजरात का गरबा नृत्य, कोलकाता की दुर्गा पूजा, योग, वेद पाठ, रामलीला, छाऊ नृत्य, नवरोज त्योहार, कालबेलिया नृत्य प्रमुख हैं। दीपावली को 16वीं अमूर्त विरासत के रूप में यूनेस्को की सूची में जोड़ा गया है। भारत की सांस्कृतिक परंपराएं महज अतीत का एक प्रमाण मात्र ही नहीं हैं, अपितु वे पूर्णतया जीवंत हैं और प्रत्येक भारतीय के जीवन के सूक्ष्म अनुभवों में धड़कती हैं।

भारत अपने त्योहारों, रीति-रिवाजों, लोककथाओं, संगीत, नृत्य, खान-पान और सामाजिक व्यवहारों के माध्यम से केवल अपना अतीत ही नहीं संभालता, बल्कि अपने आत्मा को भी जीवंत रखता है। जब कोई सांस्कृतिक परंपरा वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित होती है, तो उसके अर्थ एवं भाव स्थानीयता से उठकर सार्वभौमिकता की ओर बढ़ जाते हैं। यूनेस्को ने दीपावली को न केवल एक त्योहार के रूप में देखा, बल्कि एक सांस्कृतिक दर्शन के रूप में पहचाना, जो अनंत काल से हमारे समाज का अभिन्न अंग बना हुआ है। भारत का सांस्कृतिक तंत्र जितना विशाल है, उतना ही जटिल भी है। यहां पग-पग पर भाषा, भोजन की शैली, पहनावा, लोकगीतों का सुर, त्योहारों की परंपरा, आचार-विचार आदि भिन्न रूप ग्रहण करते हुए सामने आते हैं, किंतु इन तमाम विविधताओं को एक सूत्र में बांधने का कार्य उसी विविधता में विद्यमान एकता के द्वारा किया जाता है। दीपावली का त्योहार इस एकतासूत्र का सर्वोत्तम उदाहरण है। देश के विभिन्न हिस्सों में हर जगह दीपों की संख्या भले ही अलग हो, किंतु प्रकाश का अर्थ, स्वरूप एवं उसमें निहित संदेश एक ही रहता है। इस व्यापकता और बहुस्तरीयता को समझना अपने आप में भारत की सांस्कृतिक शक्ति को समझना है। दीपावली का यूनेस्को सूची में शामिल होना एक सांस्कृतिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि भारत के लिए व्यापक अवसर है-सांस्कृतिक संवाद को विस्तार देने का, वैश्विक प्रभाव बढ़ाने का और आने वाली पीढ़ियों में सांस्कृतिक आत्मविश्वास जगाने का।

हम इस अवसर का उपयोग सांस्कृतिक संवर्धन, आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सामंजस्य के रूप में कर सकें तो बेहतर, क्योंकि भविष्य में दीपावली के अवसर पर विदेशी पर्यटक भी भारत की ओर भ्रमण हेतु उन्मुख होंगे। इससे हमारे सांस्कृतिक एवं परंपरागत उद्योग तथा कौशल विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हो सकेंगे। विश्व का कोई भी देश हो, वहां पर भारतीयता किसी न किसी रूप में अवश्य मौजूद है। दुनिया भर के भारतवंशी दीपावली को उसी स्तर की वैश्विक स्वीकार्यता दिला सकते हैं, जैसी क्रिसमस अथवा न्यू ईयर को मिली हुई है। विभिन्न देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को दीपावली संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करने में योगदान देना चाहिए। भारतीय दूतावासों-उच्चायोगों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। वैश्विक स्वीकार्यता का अर्थ केवल अंतरराष्ट्रीय सम्मान अर्जित कर लेना ही नहीं है। इस स्वीकार्यता के साथ जिम्मेदारियां भी समानुपात में बढ़ती हैं। वैश्वीकरण के दौर में काफी कुछ बाजार की चमक में अपना मूल रूप खो देता लिहाजा दीपावली के मूल तत्वों को सुरक्षित रखना आज और भी आवश्यक एवं चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# बेलगाम बांग्लादेश की अशांति भारत के लिये खतरा



-ललित गर्ग-

बांग्लादेश में बीते कुछ समय से जो घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, वे किसी एक देश की आंतरिक समस्या भर नहीं रह गए हैं, बल्कि दक्षिण एशिया की समूची भू-राजनीतिक स्थिरता के लिए एक गंभीर चेतावनी बनते जा रहे हैं। युवा छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद जिस तरह ढाका सहित कई शहरों में हिंसा भड़की, उसने यह उजागर कर दिया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार न तो कानून का शासन स्थापित कर पा रही है और न ही समाज को उन्माद व कट्टरता से बचाने में सक्षम दिखाई देती है। सड़कों पर उग्र भीड़, अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले, हिन्दू धर्म-स्थलों को ध्वस्त करना, मीडिया संस्थानों के दफ्तरों में आगजनी, पत्रकारों पर हमले और असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिशें यह संकेत देती हैं कि बांग्लादेश तेजी से अराजकता के दलदल में धंसता जा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए जितनी भयावह है, उतनी ही खतरनाक क्षेत्रीय शांति के लिए भी है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक एवं त्रासद पहलू 'भारत विरोधी नैरेटिव' का सुनियोजित एवं षड़यंत्रपूर्ण निर्माण है। शरीफ उस्मान हादी की हत्या के लिए बिना किसी ठोस जांच के भारत पर आरोप मड़ना और उसके बाद भारतीय मिशनों को निशाना बनाने की कोशिशें यह बताती हैं कि हिंसा केवल स्वतःस्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि एक सुविचारित राजनीतिक और वैचारिक साजिश का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि जब भी बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है, कुछ कट्टरपंथी ताकतें भारत विरोध को एक आसान औजार की तरह इस्तेमाल करती हैं। इससे न केवल भीड़ को भड़काया जाता है, बल्कि आंतरिक विफलताओं से ध्यान हटाने का रास्ता भी मिल जाता है। अंतरिम सरकार की निष्क्रियता या मौन सहमति इस आशंका को और मजबूत करती है कि वह या तो इन ताकतों पर नियंत्रण खो चुकी



है या फिर उनसे समझौता कर चुकी है। इसमें सबसे घातक है पाकिस्तान का साजिशपूर्ण तरीके से भारत विरोध को हवा देना।

भारत द्वारा अपने वीजा केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करना और बांग्लादेशी उच्चायुक्त को तलब करना इस पृष्ठभूमि में एक आवश्यक और संतुलित कूटनीतिक कदम कहा जा सकता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की यह जिम्मेदारी होती है कि वह विदेशी राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ढाका में भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिशें और वहां प्रशासन की ढुलमुल प्रतिक्रिया यह दर्शाती हैं कि अंतरिम सरकार इस बुनियादी दायित्व को निभाने में विफल रही है। कूटनीति केवल सौहार्द की भाषा नहीं होती, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देने का माध्यम भी होती है कि भारत अपने हितों और नागरिकों की सुरक्षा के प्रश्न पर किसी तरह की उदासीनता स्वीकार नहीं कर सकता।

इस अशांति का सबसे दर्दनाक और संवेदनशील पक्ष बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की बिगड़ती स्थिति है। कथित ईशनिंदा के आरोपों में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या इस बात का प्रमाण है कि कट्टरपंथी तत्वों को अब प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। जब न्याय भीड़ के हाथों में चला जाए और सरकार अल्पसंख्यक अधिकारों पर केवल औपचारिक बयान जारी करती रहे, तो यह लोकतांत्रिक राज्य की आत्मा पर सीधा प्रहार होता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी भी इस संदर्भ में कई सवाल खड़े करती है। मानवाधिकारों और अल्पसंख्यक संरक्षण की दुहाई देने वाले वैश्विक मंच तब मौन क्यों हो जाते हैं, जब यह उल्लंघन रणनीतिक या राजनीतिक समीकरणों के भीतर घटित होते हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र और सलाहकार साजीब वाजेद जॉय का यह कथन कि बांग्लादेश की आग से भारत अछूता नहीं रह सकता, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई है। भारत और बांग्लादेश के बीच हजारों किलोमीटर की साझा सीमा, सांस्कृतिक-सामाजिक रिश्ते और आर्थिक निर्भरता ऐसी है कि ढाका की अस्थिरता का असर स्वाभाविक रूप से भारत के सीमावर्ती राज्यों पर पड़ेगा। अवैध घुसपैठ, कट्टरपंथी नेटवर्कों की सक्रियता और सीमा पार अपराधों का खतरा इस अस्थिरता के साथ बढ़ता ही जाएगा।

आगामी फरवरी में प्रस्तावित आम चुनाव बांग्लादेश के लिए एक अवसर हो सकते थे, जिससे वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए स्थिरता की ओर लौट सके। लेकिन मौजूदा हालात में चुनाव की पारदर्शिता और शांति पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग चुके हैं। कट्टरपंथी ताकतें जनभावनाओं को भड़काकर हिंसा का माहौल बनाए रखने में जुटी हैं, ताकि सत्ता का संतुलन अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। अंतरिम सरकार का यह दायित्व है कि वह निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करे, लेकिन अब तक के संकेत बताते हैं कि वह इस चुनौती के सामने कमजोर साबित हो रही है। इस पूरे परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलाना और भारत के पड़ोस में अशांति, हिंसा एवं आतंक के बीज बोना पाकिस्तान की पुरानी रणनीति रही है। बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठनों और भारत विरोधी तत्वों को वैचारिक, नैतिक और कभी-कभी परोक्ष समर्थन मिलना कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान के लिए यह एक अवसर की तरह है, जहां वह बांग्लादेश की आंतरिक कमजोरियों का फायदा उठाकर भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोल सकता है। सोशल मीडिया अभियानों से लेकर दुष्प्रचार तक, कई संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत विरोधी भावना के पीछे पाक की सोच भी सक्रिय है।

यह केवल कूटनीति का प्रश्न नहीं, बल्कि विश्वास और साझी सुरक्षा का भी मुद्दा है। अंतरिम सरकार के सामने अब दो ही रास्ते हैं। पहला, वह कठोर कार्रवाई कर यह साबित करे कि वह किसी कट्टरपंथी विचारधारा की बंधक नहीं है और कानून का शासन बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरा, वह निष्क्रियता और तुष्टीकरण के रास्ते पर चलते हुए देश को और गहरे संकट में धकेल दे। इतिहास बताता है कि दूसरा रास्ता अंततः लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने तीनों को नष्ट कर देता है।

स्थिरता, लोकतंत्र और सह-अस्तित्व की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है कि बांग्लादेश की मौजूदा अराजकता को एक चेतावनी की तरह लिया जाए, न कि एक क्षणिक राजनीतिक उथल-पुथल के रूप में।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 381: श्रीविहीन अयोध्या में सुमंत की वापसी, वीरान नगर, सूने मार्ग



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

संध्याकाल का धुंधलका है। मंत्री सुमंत का रथ तेजी से अयोध्या के राजप्रासाद की ओर गतिमान है। आज अयोध्या की दशा श्री विहीन है। अयोध्या से प्रस्थान के समय नगर में श्री राम के राज्याभिषेक के लिए भव्य सजावट थी। ऐसा प्रतीत होता था कि तीनों लोकों के वैभव को अयोध्या ने फीका कर दिया है। श्रीराम, सीताजी और लक्ष्मणजी के अयोध्या से प्रस्थान के समय समस्त नरनारी उन्हें विदा करने के लिए रथ के साथ-साथ चल रहे थे। रथ के तेज चलने पर वे आर्तनाद करते हुए दौड़ पड़ते थे। आज स्थिति विपरीत है।

वापसी में सुमंत रथ पर अकेले हैं। यह नगर तो सुनसान और वीरान है ही, श्रीराम, सीताजी और लक्ष्मणजी को वन में छोड़कर आने की विवशता के कारण सुमंत दोहरे दुःख और वेदना में हैं।

नगर के मुख्यमार्ग पर एक-दो लोग ही दिखाई देते हैं। मुख्य मार्ग से जुड़ने वाले उपमार्गों पर तो और वीरानी है। कुछ दिनों पूर्व लगे स्वागत के तोरण, बंदनवार निकल चुके हैं। स्थान-स्थान पर बनाए गए मंडप, पुष्प मालाएँ और साज सज्जा की अनेक चीजें या तो अदृश्य हैं, या उनके केवल कुछ अवशेष बचे हैं। सुमंत जानबूझकर नदी के तट पर देर तक रुके रहे, ताकि जब वे अयोध्या में प्रवेशा करें तो अधिक लोग उन्हें देख न सकें।

जब सुमंत का रथ मुख्यमार्ग से राजप्रासाद के विस्तृत क्षेत्र की ओर मुड़ा तो अंधेरा होने के बाद भी एक स्त्री ने उन्हें पहचान लिया। यहां पर स्वाभाविक ही रथ की गति धीमी हुई थी।उस स्त्री ने सुमंत से उच्च तीव्र स्वर में पूछा,

''क्या अकेले ही लौट आए सुमंत जी? श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी को वापस नहीं ला पाए?''

सुमंत जी ने निराश स्वर में उत्तर दिया,

''हाँ देवी! ऐसा नहीं हो सका।''

उस स्त्री की आगे प्रतिक्रिया देखने-सुनने से पूर्व सुमंत जी ने रथ को तेजी से राजप्रासाद के मुख्यद्वार की ओर बढ़ा दिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### भ्रष्टाचार का उत्सव लालच

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर।
आज भ्रष्टाचार की खबर
कलेक्टर जितेन्द्र यादव जी ने
कृषि उपज मण्डी समिति में,
सड़क निर्माण में,
हो रही अनियमितता के संबंध में,
प्राप्त शिकायत के आधार पर
सड़क निर्माण की जॉच हेतु
जॉच समिति का गठन किया है।
उस समिति ने जॉच प्रतिवेदन दिया है
जिसमें स्पष्ट रूप से यह बात
बताई गई है
कि सड़क निर्माण में
गंभीर अनियमितता पाई गई है।
कलेक्टर ने जांच समिति के प्रतिवेदन से
स्पष्ट प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति के
प्रतिकूल कार्य किए जाने के आधार पर
फर्म मेसर्स ऋषभ कन्स्ट्रक्शन को
ब्लैक लिस्ट कर,
प्रबंध संचालन, छत्तीसगढ़ राज्य
कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड नवा रायपुर को
विभागीय कार्य करने के लिए
पत्र सम्प्रेषित किया है।
तो गजाधर ! मेरा सोचना है
आदमी भ्रष्टाचार क्यों करता है?
आपकी इस पर क्या प्रतिक्रिया है?''
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी ।
ये दो लाइनी सुनो और उसे गुनो
जब तक लालच रहेगा यार!
तब तक रहेगा भ्रष्टाचार।''
शनिवार 21 दिसम्बर 2025



गिरीश बख्शी

# छत्तीसगढ़िया वीर सपूत- विधान पुरुष घनश्याम सिंह गुप्त



विजय मिश्रा ''अमित''

छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का भी गढ़ है। इस माटी के वीर सपूतों ने देश की आजादी की लड़ाई में फिरंगियों के छक्के छुड़ा दिए थे। ऐसे बहादुर सपूतों में शामिल घनश्याम सिंह गुप्त का जन्म 22 दिसम्बर 1885 को दुर्ग में हुआ था। बालपन से ही उनकी रगों में देशभक्ति का खून दौड़ रहा था। जिसे ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उन्होंने जमकर प्रदर्शित किया था। आजादी के बाद निर्मित देश के संविधान को हिंदी में अनुवादित करने में आपकी ऐतिहासिक भूमिका रही है। वर्ष 1939 से 1950 तक संविधान सभा में आप संविधान हिंदी ड्राफ्ट कमेटी के अध्यक्ष रहे। अपनी विलक्षण प्रतिभा के बूते संविधान को हिंदी में अनुवादित करके आपने उसकी प्रति 24 जनवरी 1950 में डॉ राजेन्द्र प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत की थी।

### संविधान का सहज हिन्दी करण

भारत के मध्य प्रांत में 1937 के चुनाव उपरांत जब कांग्रेस की सरकार बनी। तब घनश्याम गुप्त विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए। वे मध्य प्रदेश के पहले विधानसभा अध्यक्ष बने।इस पद पर रहते हुए उन्होंने हिंदी भाषा का पुरजोर समर्थन किया था। संविधान को आमजन पढ़ और समझ सके इसे हेतु हिंदी में उसकी उपलब्धता का बड़ा श्रेय इन्हें ही है।

अपनी जीवन यात्रा में सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति सहित स्त्री शिक्षा, सामाजिक चेतना लाने और धर्मांतरण को रोकने के लिए जी जान से आप सतत प्रयासरत रहे।आर्य समाज की गतिविधियों में आपका जबरदस्त जुड़ाव रहा। हैदराबाद के निजाम द्वारा हिंदु पर्वों को मनाने के लिए पूर्व अनुमति लेने की बाध्यता के विरुद्ध श्री सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन भी हुआ।जिसके दबाव में निजाम को झुकना पड़ा और हिंदू पर्व हेतु बनाए गए नियम कानून में बदलाव किया गया।



### गुप्त जी के निवास में गांधी जी

छत्तीसगढ़ के गांधीवादी नेताओं में आर्यसमाजी श्री गुप्त का नाम अग्रिम पंक्ति में है। वे गांधी जी के नेतृत्व में चलाए गए विभिन्न आंदोलनों में सक्रियता से आप संलग्न रहे। ब्रिटिश हुकूमत ने इसके लिए उन्हें कड़ी यातनाएं और कारावास की सजा भी दी। महात्मा गांधी ने रालेट एक्ट, जालियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में असहयोग आंदोलन प्रस्तावित किया था। तब देशभर के लोगों ने इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी दी।

छत्तीसगढ़ीया सपूत श्री गुप्त भी इस मामले में पीछे नहीं रहे। उनके इस कदम को कानून विरोधी करारते हुए ब्रिटिश हुकूमत ने 1921 में उन्हें कारावास की सजा दी। नशा निषेध आंदोलन,विदेशी कपड़ों का बहिष्कार, जंगल सत्याग्रह, बंग बंग आंदोलन में वे गांधीजी की रीति नीति के अनुरूप निडरता पूर्वक जुड़े रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नवंबर 1933 में जब छत्तीसगढ़ क्षेत्र में पहुंचे तो वे दुर्ग में गुप्त जी के निवास पर ही रुके थे।

### खादी उद्योग को प्रोत्साहन

अंग्रेजों की खिलाफत करते हुए गुप्त जी ने अंग्रेज़ों के नमक कानून को भी भंग किया था। जिसके लिए उनकी गिरफ्तारी हुई। जिसके व्यापक असर से छत्तीसगढ़ क्षेत्र में सविनय अवज्ञा आंदोलन का विस्तार हुआ। छुआछूत और जाति भेद को मिटाने के लिए गांधी विचारों का सम्मान करते हुए दुर्ग जिला में हरिजन सेवा संघ की स्थापना 1934 में हुई। जिसके अध्यक्ष श्री घनश्याम गुप्त चुने गए। देसी उद्योग धंधे सहित खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए श्री गुप्त द्वारा किए गए प्रयास भी उल्लेखनीय है।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला में जन्मे श्री गुप्त की प्रारंभिक शिक्षा दुर्ग और रायपुर में हुई। आगे आपने जबलपुर के प्रसिद्ध महाविद्यालय रॉबर्टसन कॉलेज से सन 1906 बीएससी गोल्ड मेडल के साथ तथा वर्ष 1908 में आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1915 में आपको मध्य प्रांत एवं बरार के प्रांतीय परिषद का सदस्य चुना गया। राजनीति को जनसेवा के लिए अपनाते हुए वर्ष 1926 में दुर्ग नगर निगम के आप अध्यक्ष निर्वाचित हुए।आगे 1930 में दिल्ली के सेंट्रल असेंबली सदस्य के पद पर आप निर्वाचित हुए।

### छत्तीसगढ़ सरकार की उदासीनता

श्री गुप्त जी को मध्य प्रांत का विधान पुरुष कहा जाता है। देश और समाज सेवा में सतत संलग्न रहते हुए श्री गुप्त जी 13 जून 1976 को स्वर्गवासी हुए। विश्व के सबसे बड़े संविधान को हिंदी में प्रस्तुत करने वाले इस छत्तीसगढ़ीया सपूत ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया को तभी सिद्ध कर दिखाया था। ऐसे संवैधानिक ज्ञान के धनी का स्मरण जिस गर्व से किया जाना चाहिए उसका सर्वथा अभाव आज भी छत्तीसगढ़ में दिखता है। केवल जनता ही नहीं वरन अधिकांस जनप्रतिनिधि भी इस महान विधिवेत्ता स्वतंत्रता सेनानी के अनमोल अवदानों से अनभिज्ञ हैं।जबकि प्रति वर्ष इस विधान पुरुष की जयंती को प्रदेशस्तर पर धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ महतारी के सपूत को सादर नमन।

पूर्व महाप्रबंधक (जन)
अग्रोहा कालोनी रायपुर (छ.ग.) 492013

## बाल गीत


### ताली कोन बजावत हें!

कतको कहेन हार गयेन, मुड़ ल अपन पटक-पटक।
तोर सबो बात बर हुँवा-हुँवा, चार पइसा आये ले।।
सुख-दुख के पूछारी नइहे, चिटको नइहे हमर कदर।
बिन काम के राम-रमुवआ, जहू-तहू ल भज लेथन।।
पेज-पसिया ले हवे गुजारा, बाँह भरोसा जीयत हन।
कनिहा मटकावत रेंगना उँकर, पुरखा के कमई मा।।
बात-बात मा सत ईमान, देस राज बर गजब फिकर।
ऊँचहा नजर कर-कर के, टेबल खाल्हे लेवत हें।
धरसा परिया लील डारिन, माई
पहुनाई हाथ उँकर।
फीता काटत बड़ ध्यान हावय,
ताली कोन बजावत हें।।




रोशन साहू ''मोखला''
(राजनांदगांव)
7999840942

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन मेष राशि के लिए अच्छा है। आपको आज अपनी मेहनत का पूरा प्रतिफल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारी और सहकर्मियों के साथ मिलकर अपने काम को पूरा करने मे सफलता मिलेगा। लोहा और बिल्डिंग मटेरियल के काम से जुड़े जातको को आज विशेष रूप से लाभ मिलेगा। आर्थिक मामलों में आप लाभ पाएंगे।



**वृष राशि**

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज शनिवार का दिन नरम गरम रहेगा। आपको आज अपने काम मे सतर्क रहने का जरूरत है। जोखिम लेने से आपको आज बचना होगा। विरोधी और प्रतिद्वंद्वियों से भी आपको परेशानी हो सकती है। पारिवारिक जीवन मे आज आपको जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर रखना होगा।




**मिथुन**

आज का दिन मिथुन राशि के लिए शुभ और सुखद रहेगा। आप अपनी योजना को बेहतर तरीके से लागू कर पाएंग। नौकरी में आपका दिन आज अनुकूल बीतेगा। आप टीम के साथ मिलकर अपना काम आज समय पर पूरा कर पाएंगे। पारिवारिक जीवन में आपका अपने जीवनसाथी के साथ प्रेम और तालमेल बना रहेगा।




**कर्क**

कर्क राशि के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। बिजनेस में आपको आज भाग्य अपेक्षा से बढ़कर लाभ दिलाएगा। नौकरी में भी आज का दिन आपका अनुकूल बीतेगा। बिल्डिंग मटेरियल के काम से जुड़े जातकों की भी कल कमाई होगी। पारिवारिक जीवन में आपको आज जीवनसाथी से अपेक्षित सहयोग मिलेगा।



**सिंह**

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभ और उन्नति प्रदान करने वाला है। राशि स्वामी सूर्य के शुभ गोचर से कार्यक्षेत्र मे आपका प्रभाव बना रहेगा और सम्मान बढेगा। आपको कोई लाभदायक अवसर भी मिल सकता है। आप नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको कामयाबी मिल सकती है।




**कन्या**

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में जहां अनुकूल स्थिति का लाभ मिलेगा। वहीं आज आप अपनी कार्यकुशलता और चतुराई से मान सम्मान और उन्नति प्राप्त कर सकते हैं। आपको आज वाणी से संबंधित काम में भी सफलता मिलेगी। लेकिन सुख साधनों और वाहन पर आपको आज धन भी खर्च करना होगा।




**तुला**

तुला राशि के लोगों को आज साहसिक निर्णय लेना पड़ सकता है। कोई चुनौती अचानक ही आ सकती है इसलिए आपको गंभीरता से काम करना होगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी के साथ तालमेल बनाकर रखना होगा, किसी वजह से इनसे मतभेद होने की भी आशंका है। यात्रा पर जा रहे हें तो अपने सामान का ध्यान रखें।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आप अपनी मेहनत और लगनशीलता से लाभ प्राप्त कर पाएंग। आपको कोई नया अवसर भी मिल सकता है। आर्थिक मामलों आज आपको भाग्य लाभ दिलाएगा। किराना और होटल से संबंधित काम में कल के दिन वृश्चिक राशि के जातक अच्छी कमाई कर पाएंग।




**धनु**

धनु राशि के लोगों को आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने का योग बना हुआ है। आप आप धैर्य और संयम से अपने काम को निपटाने में आज सफल रहेगे। कोई महत्वपूर्ण काम जो आपको अटका हुआ था वह भी आज पूरा हो सकता है। आपको आज लोहा और सोने के कारोबार में लाभ मिलने का विशेष योग बना हुआ है।




**मकर**

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अपने काम में अधिक सतर्क और सजग रहने की जरूरत है। आपको आज काम मे सफलता पाने के लिए अधिक प्रयास भी करना होगा। आज आपके कुछ अनचाहे खर्च भी बढ़ने वाले हैं। बिजली के उपकरण का प्रयोग सावधानी से करें।



**कुंभ**

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन कामकाज और करियर के लिहाज से आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कुछ नई जिम्मेदारी और चुनौतियां मिल सकती हैं लेकिन आप समझदारी से स्थिति को संभालने में आज सफल होंगे। किसी मित्र या पुराने परिचित से भी आपको आज सहयोग मिलेगा।



**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आज आपको किसी दूर रहने वाले सगे संबंधी से प्रसन्नतादायक खबर मिलेगी। दिन भर आप उत्साहित होकर काम करेंगे। बिजनेस करने वाले जातकों की कमाई में आज वृद्धि होगी।

## सु- दोकू क्र.261

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.260 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# किसान महापंचायत के बड़े फैसले, कंपनी कर्मचारियों व समर्थक अधिकारियों-नेताओं का गांवों में प्रवेश प्रतिबंधित

खैरागढ़ (दावा)। संडी क्षेत्र में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन एवं सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में आयोजित किसान महापंचायत के बाद आंदोलन निर्णायक और संगठित चरण में प्रवेश कर गया है। पंडरियाबिचारपुर भाठा में हुई महापंचायत में 55 गांवों से पहुंचे करीब 5 से 6 हजार किसानों व ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 2 हजार महिलाएं शामिल रहीं। महापंचायत के दौरान जनाक्रोश चरम पर दिखाई दिया और किसानों ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी कीमत पर खनन परियोजना स्वीकार नहीं की जाएगी। किसानों ने कहा कि यह लड़ाई अब केवल विरोध तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अधिकारों की निर्णायक जंग के रूप में आगे बढ़ेगी।

### रक्तदान से दिया सामाजिक संदेश, 47 किसानों ने किया रक्तदान

महापंचायत के साथ सामाजिक सरोकार भी केंद्र में रहे। बैठक स्थल पर आयोजित रक्तदान शिविर में 47 किसानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सिकलिन और थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए सहयोग दिया। किसानों ने इसे आंदोलन की मानवीय और सामाजिक जिम्मेदारी बताया।

### 'किसान अधिकार संघर्ष समिति' का गठन, आंदोलन को मिली स्थायी नेतृत्व संरचना

आंदोलन को मजबूती देने के लिए महापंचायत में 'किसान अधिकार संघर्ष समिति' के गठन का निर्णय लिया गया। समिति में संरक्षक के रूप में गिरंवर जंघेल और मोतीलाल जंघेल को जिम्मेदारी दी गई, संयोजक सुधीर गोलछा बनाए गए। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लुकेश्वरी जंघेल को सौंपी गई, जबकि सचिव प्रियंका जंघेल और सह सचिव मुकेश पटेल नियुक्त किए गए। उपाध्यक्ष के रूप में कामदेव जंघेल, प्रमोद सिंह और राजकुमार जंघेल को शामिल किया गया।

### आंदोलन स्थल के रूप में पंडरिया भाठा चिन्हित, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निर्माण का निर्णय

महापंचायत में यह भी तय किया गया कि पंडरिया भाठा को आंदोलन के स्थायी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया गया, ताकि यह स्थल किसान एकता और संघर्ष का प्रतीक बन सके। किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक खनन और सीमेंट फैक्ट्री परियोजना पूरी तरह निरस्त नहीं हो जाती, तब तक हर माह किसान पंचायत की नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। इससे आंदोलन को निरंतरता और संगठित दिशा मिलेगी।



किसान महापंचायत के बाद संघर्ष ने पकड़ा संगठित रूप, 55 गांवों से उमड़ा जनसैलाब

### कंपनी, समर्थक अधिकारी और नेताओं के गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध का फैसला

महापंचायत में एक अहम फैसला लेते हुए किसानों ने तय किया कि खदान और सीमेंट फैक्ट्री से जुड़े कंपनी कर्मचारियों, समर्थक अधिकारियों और नेताओं को गांवों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। किसानों ने इसे अपने गांव, जमीन और सामाजिक ताने-बाने की रक्षा का कदम बताया।

### सभी समाजों ने दिया समर्थन, किसान नेताओं का सम्मान कर जताई एकजुटता

महापंचायत के दौरान विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने आंदोलन को खुला समर्थन दिया। साहू, लोधी, कोसरिया यादव सहित अन्य समाजों के जिला और प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधियों को श्रीफल और किसानी पटका भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी समाजों ने एक स्वर में किसानों के हक और जमीन की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का संकल्प लिया।

### जनाक्रोश चरम पर, किसानों का ऐलान– जमीन बचाने की लड़ाई अंतिम सांस तक

महापंचायत के फैसलों से स्पष्ट है कि परियोजना के खिलाफ आंदोलन अब और अधिक व्यापक, संगठित और निर्णायक हो चुका है। किसानों ने साफ कहा कि यह संघर्ष केवल जमीन का नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व, सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है, और जब तक परियोजना रद्द नहीं होती, तब तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

## पहला कॉलम...

### सिंघोला प्रीमियर लीग 2025 का आगाज 25 से



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सिंघोला में आगामी 25 दिसंबर 2025 से सिंघोला प्रीमियर लीग 2025 (सीजन-4) का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। यह लोकप्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम के मिनी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। आयोजन की खास बात यह है कि जो दर्शक स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाएंगे, वे भी इस रोमांचक टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण ''लाइव 108'' यूट्यूब चैनल पर कहीं से भी देख सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि अब तक सिंघोला प्रीमियर लीग को क्षेत्रवासियों का भरपूर समर्थन और अपार प्यार मिलता रहा है। इसी उत्साह के साथ इस वर्ष भी प्रतियोगिता को और आकर्षक बनाने के लिए कुछ नए प्रयोग किए जा रहे हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि इस बार भी दर्शकों का वही उत्साह और सहयोग मिलेगा। सिंघोला प्रीमियर लीग क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है, जिससे युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### विभिन्न ग्रामों में स्थित जैतखाम का लोकार्पण एवं पूजन किया विधायक ने



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने डोंगरगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम करेलापारा, खुर्सीपार, इरईखुर्द, रेंगाकठेरा, तेंदूभाठा, बेलगांव में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती समारोह में शामिल होकर मुढ़ीपार में जैतखाम का लोकर्पण, जुरलाखुर्द में जैतखाम एवं कांकीटीकरण का लोकार्पण किया। इस दौरान सतनामी समाज, ग्रामवासी, पंच एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत नगतराई में सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गुरु घासीदास जी के विचारों को लोगों के सामने रखा। इस दौरान भजन, प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें गुरु घासीदास के जीवन, त्याग और समाज सुधार में दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर एडी बंजारे, शंकरलाल भारती, युनित भारती, मनोज रात्रे, झगेंद्र कुमार, तिहेष भारती, मंगलदास सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित रहे।

### आज लोधी प्रीमियर लीग का समापन

तुमडीबोड़ (दावा)। स्थानीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित लोधी प्रीमियर लीग का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 21 दिसंबर 2025 को सायंकाल 4 बजे होगा। आयोजन समिति के प्रमुख इंजी. सितेश वर्मा, अगबर वर्मा, नवीन वर्मा, रूपेंद्र वर्मा ने बताया कि लोधी प्रीमियर लीग के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद होंगे। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तमचंद जंघेल अध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव, कमलेश्वर वर्मा पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा, चैनदास जंघेल अध्यक्ष लक्ष्य संगठन, गुलाब वर्मा संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, एफ.आर. वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, पुरुषोत्तम वर्मा अध्यक्ष सर्किल लोधी समाज डोंगरगांव प्रमुख उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति ने आम जनों से कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

### आज ग्राम दामरी में गुरु घासीदास जयंती का भव्य आयोजन

**शोभायात्रा, ध्वजारोहण और छत्तीसगढ़ी नृत्य से सजेगा कार्यक्रम**

खैरागढ़ (दावा)। सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम दामरी में 21 दिसंबर, रविवार को भव्य आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे भव्य शोभायात्रा से होगी, जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए सामाजिक समरसता और सतनाम संदेश का प्रसार करेगी। शाम 4 बजे विधिवत ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जयंती समारोह के अंतर्गत रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें ग्राम शेर, महासमुंद की प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी नृत्य मंडली बदरिया अपनी मनमोहक प्रस्तुति देगी। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंगा रहेगा। कार्यक्रम की जानकारी अनुज भारती द्वारा दी गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु घासीदास जयंती को भव्य बनाने की अपील की है।

## सांसद खेल महोत्सव में क्षेत्रवासियों को चढ़ा फुटबॉल का बुखार



**पांच वर्षों बाद जनसहयोग मैदान में जुट रही है भीड़**

डोंगरगांव (दावा)। नगर के जनसहयोग मैदान में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिवस तीन मैच खेले गए. जिसमें प्रथम मैच एमईजी बैंगलौर और नागेश इलेवन कोडागांव के मध्य खेला गया, जिसमें 6-0 से बैंगलोर की टीम विजयी रही. इस मैच में बैंगलोर की टीम की ओर से 16 मिनट में 32 नंबर जर्सी फरहान ने पहला गोल दागते हुए अपनी टीम को बढ़त दिलायी. जिसके बाद लगातार 44वें मिनट में 24नंबर जर्सी गुरूनूर, 45वें मिनट में 88नंबर जर्सी, 62 मिनट और 85मिनट में 16नंबर जर्सी रोहन और 86वें मिनट में 10नंबर जर्सी लियोन ने गोल दागते हुए विजयी रही जबकि कोडागांव एक भी गोल दागने में सफल नहीं हो पायी.

इसी प्रकार व्दितीय मैच नर्मदा स्पोर्टिंग जबलपुर और ब्रम्हविद क्लब रायपुर के मध्य खेला गया, इस रोमांचक मैच में रायपुर के जर्सी नंबर 77 प्रणय ने 45वें और 58मिनट में पहला गोल और दूसरा दागा. जिसके बाद जबलपुर के 6नंबर जर्सी राज पटेल ने 62वें मिनट में गोल दागकर मैच के रोमांच को बढ़ दिया और इसके बाद 68वें मिनट में 17 नंबर जर्सी पेमा ने दूसरा गोल दागकर दोनों टीमों को बराबरी पर खड़ा कर दिया. लेकिन रायपुर की ओर से 72वें मिनट में 29 नंबर जर्सी अरूण ने गोल कर जीत अपने टीम के नाम कर ली, इस प्रकार रायपुर की टीम 3-2 से विजयी रही. वहीं पूरे स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों और खेलप्रेमियों ने इस मैच का भरपूर आनंद लिया.

इधर तीसरा मैच मैसूरम हैदराबाद और जम्मू कश्मीर एसटीएफसी के बीच खेला गया, जिसमें जम्मू कश्मीर के जर्सी नंबर 7 पठान फरहान ने 17मिनट में पहला गोल दागा जिसके बाद दोनों टीमें डिफेंस खेलते हुए एक दूसरे को छकाती रही और इस रोमांचक मैच में जम्मू कश्मीर ने 1-0 से अपनी जीत दर्ज की. आज रविवार को दो मैच खेले जायेंगे जिसमें नर्मदा स्पोर्टिंग जबलपुर और नागेश इलेवन कोंडागांव के मध्य मुकाबला होगा तथा दूसरा मैच जम्मू कश्मीर एसटीएफसी और चक्रधरपुर झारखंड के बीच खेला जायेगा.

## विधानसभा स्तरीय बैठक के संबंध में मण्डल स्तरीय बैठक




**डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी 23 दिसंबर को डोंगरगढ़ विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की जानी है,जो चुनाव के पश्चात होने वाली पहली विधानसभा स्तरीय बैठक होगी। जिसके संबंध में आज 19 दिसंबर दिन शुक्रवार को शहर मंडल द्वारा एक मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई।**

जिसमें जिसमें मुख्य रुप से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश सहकारिता का प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, जिला मंत्री जैनकुमार मेश्राम, जिला सह कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सुषमा कोठारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, वरिष्ठ नेता प्रदीप बाघ, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन चीकू, वरिष्ठ नेता महेन्द्र अग्रवाल, डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, शहर मण्डल महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल , विजेंद्र ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, ग्रामीण महामंत्री रवि यादव, मंडल उपाध्यक्ष सरफराज नवाज, नागेंद्र परिहार, अनीता इंदुलकर, मंडल कोषाध्यक्ष भागवत (पप्पू) नामदेव, अलका जैश सहारे, महेश सहारे, शुभम परिहार, जयेश सहारे, कन्हैया अग्रवाल, सावन टेम्बुरकर, ओम प्रकाश साखरे, आवेश निगम, लोकेश इंदुलकर, आकाश राजपूत, हिमांशु सेन, मनीष सोनी, पार्षदगण हरीश मोटघरे, शारदा यादव, बबीता मलागार, रेखा राघोतरे, शिवांगी साखरे, देवेन्द्र साखरे, राजेश कंडरा, रतन कोसे के साथ भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता स्थित रहे।

## संत शिरोमणि श्री गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई



**ग्राम बधियाटोला में हिंदू जागरण मंच का आयोजन, गूंजे 'जय सतनाम' के नारे**

डोंगरगढ़ (दावा)। संत शिरोमणि श्री परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ खंड के ग्राम बधीया टोला में हिंदू जागरण मंच द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गगनभेदी नारों से गूंजा कार्यक्रम स्थल कार्यक्रम के दौरान मनखे-मनखे एक समान जय सतनाम जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर संत गुरु घासीदास बाबा जी को नमन किया गया तथा माल्यार्पण कर श्रद्धा अर्पित की गई। समानता और सद्भाव का दिया संदेश हिंदू जागरण मंच के वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा जी ने समाज को समानता, सत्य और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही समाज में एकता, समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा सकता है। मंच ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा जी समस्त हिंदू समाज के लिए पूजनीय हैं और उन्हें भगवान स्वरूप माना जाता है।

उनके आदर्शों को अपनाकर ही देश को समृद्ध, सशक्त और समानता युक्त बनाया जा सकता है। संतों के सम्मान में पुष्प वर्षा कार्यक्रम के दौरान हिंदू जागरण मंच द्वारा पुष्प वर्षा कर संतों का सम्मान किया गया। उपस्थित जनसमूह ने संत गुरु घासीदास बाबा जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच से विशाल सुराणा, अभिषेक अग्रवाल, निखिल शर्मा, राजेश चौहान, सचिन सोनकर, जय मेश्राम, अजय शर्मा, सविता दरगड, अलका सहारे, लक्ष्मी यादव, सुलभा सिंह, उमरावती शाह सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। जिला संयोजक ने जारी की विज्ञप्ति कार्यक्रम की जानकारी हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर के तहत ग्राम मडियान में शिविर आयोजित



**शिविर में हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं बीज मिनी किट का किया गया वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मडियान में शिविर का आयोजन किया गया। जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है। शिविर में 24 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमें कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 35 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोदभराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छताग्राही महिलाओं और मितानिनों का सम्मान किया गया। स्वच्छताग्राही ने गांवों में स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर में विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा फसलचक्र परिवर्तन तथा राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं कृषि विभाग द्वारा मिनी कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्र मर्यादित बैंक राजनांदगांव भरत वर्मा, सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती अनिता मंडावी, सरपंच ग्राम पंचायत मडियान, कारूटोला, मोहनपुर, पीपरखारकला, कोटनापानी, एसडीएम श्री एम भार्गव, सीईओ श्रीमती भगवती साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में एनुअल स्पोर्ट्स फाइनल हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न

छुरिया (दावा)। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का अलख जलाए रखने वाली एकमात्र अंग्रेजी माध्यम की शाला रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में एनुअल स्पोर्ट्स का फाइनल बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरांत हमारे विद्यालय में एनुअल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता की शुरुआत संस्था के डायरेक्टर श्री जन्मेजय बहादुर सिंह द्वारा दो दिन पूर्व ही की गई इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम संस्था के आदरणीय पापा जी एवं रिस्पेक्ट जे.बी. सिंह सर के तैल्यचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों की तैयारी की। एनुअल स्पोर्ट्स के फाइनल में नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे जिसमें कक्षा नर्सरी चेयर रेस में प्रथम युक्ति मालेकर द्वितीय लाकांक्षा तृतीय काशवी बंधे केजी वन ए इन आउट गेम में प्रथम ख्याति सिंह द्वितीय मोनालिका साहू तृतीय मयंक रावत केजी वन बी से प्रथम सावी साहू, द्वितीय रेहांशी भास्कर, तृतीय ग्रेसी तिवारी, केजी 2अ चॉकलेट रेस में प्रथम चंचल सिन्हा, द्वितीय मौर्य जाम्बुलकर, तृतीय टेमांसी साहू, केजी2ब चॉकलेट रेस प्रथम माहिर खान, द्वितीय दिशा कुंभकार, तृतीय काव्य धाकड़, क्लास 1अ बैलून रेस प्रथम आयत शेख, द्वितीय अरहान हयां, तृतीय युभासना संगोले, क्लास 1ब प्रथम भवानी हर्ष पांडे, द्वितीय देवांशु विपिन, प्रीति, आशा रितिका, क्लास 2अ बुक बैलेंस रेस प्रथम समीक्षा साहू, द्वितीय तनुष्का धाकड़, तृतीय जानवी साहू, क्लास टू बी प्रथम हार्दिक श्याम, द्वितीय नवीन यादव, तृतीय मेनु पड़ौती, क्लास 3 स्पून एंड मार्बल रेस प्रथम प्रखर साहू द्वितीय मोइज कुरेशी तृतीय त्रिवेंद्र साहू क्लास 4जी पोटैटो रेस प्रथम किंशाक मंडावी द्वितीय सुजल साहू तृतीय काव्य मांडवी क्लास फिफ्थ जलेबी रेस प्रथम आस्था मिश्रा द्वितीय यशवर्धन साहू तृतीया तमन्ना साहू क्लास 6 खो खो गवेंद्र निषाद जागृति सिंह ईशान साहू अयान खान अरीबा बानो मौसमी उइके दीवान साहू सुफ्यिान खान क्लास सेवंथ रिले रेस प्रथम चिराग आदित्य मांडवी द्वितीय दीपांशु यादव उदय नारायण शिरीन खान उमंग समीक्षा तृप्ति परिधि क्लास 8जी स्लो साइकिल रेस प्रथम भविष्य साहू द्वितीय रिशित विश्वास तृतीय घनिष्का वैद्य एवं क्लास नाइंथ और 10जी के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन दिया।



इस अवसर पर संस्था के प्रशासक संजय बहादुर सिंह डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह एवं जन्मेजय बहादुर सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और मन में अनुशासन आत्मविश्वास तथा टीम भावना का विकास होता है जो बच्चे खेल के मैदान में मेहनत करना सीख लेते हैं वह जीवन में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल साहू प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा सभी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया प्रधानाचार्य महोदय ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है पढ़ाई के साथ.साथ खेल भी उतने ही आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर श्रीमती सविता जे.बी.सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अकैडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के.वैष्णव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि एनुअल स्पोर्ट्स में भाग लेने वाला हर बच्चा विजेता है क्योंकि अपने मेहनत साहस और खेल भावना का परिचय दिया है। हार-जीत खेल का हिस्सा है लेकिन प्रयास और ईमानदारी सबसे बड़ी जीत होती है आप सभी भविष्य में इसी तरह खेल और पढ़ाई दोनों में आगे बढ़े और अपने विद्यालय माता-पिता एवं देश का नाम रोशन करें।

# रेलवे सुरक्षा बल ने दो हिस्ट्रीशीटर अपराधी को किया गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की मंडल टास्क टीम द्वारा रेलवे स्टेशन इतवारी से दो आदतन (हिस्ट्रीशीटर) अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई दीपचंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, नागपुर मंडल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रेल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा तथा यात्री सामान की चोरी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। मंडल स्तर पर गठित विशेष टास्क टीम द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 19.12.2025 को मंडल टास्क टीम के सउनि. के.के. निकोडे, प्र.आ. राहुल सिंह, सउनि. एस.के. साहू, आरक्षक विकास पटले (सीआईबी नागपुर), उपनिरीक्षक विनेक मेश्राम (इटवारी पोस्ट) तथा शासकीय रेल पुलिस के साथ रेलवे स्टेशन इतवारी पर टीओपीबी (जेबकतरी) रोकथाम अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर गाड़ी संख्या 58815 इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर के आगमन समय गश्त एवं गुप्त निगरानी की जा रही थी।




इस दौरान जनरल कोच में दो व्यक्तियों को यात्रियों की भीड़ में यात्रियों की जेब टटोलते हुए संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ करने पर उनके द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। पकड़े गए आरोपियों में रवि निषाद, पिता मनोज निषाद, उम्र 20 वर्ष एवं विष्णु लोधी, पिता बयास लोधी, उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 16, रामकुंड, थाना आजाद चौक, जिला रायपुर शामिल है। दोनों व्यक्तियों के पास यात्रा से संबंधित कोई वैध टिकट अथवा अधिकार पत्र नहीं पाया गया। तत्पश्चात उन्हें अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु शासकीय रेल पुलिस इतवारी को सुपुर्द किया गया। शासकीय रेल पुलिस इतवारी द्वारा अपराध क्र. 09/2025 एवं 10/2025, धारा 128 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अनेक अपराध दर्ज

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दोनों आरोपी आदतन चोर (हिस्ट्रीशीटर अपराधी) हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में भी रायपुर शहर में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी रवि निषाद के विरुद्ध अपराध क्रमांक 39/2024 (धारा 324, 294, 506, 327 भा.दं.सं.) एवं अपराध क्रमांक 36/2022 (धारा 439, 147, 294, 336, 506, 148 भा.दं.सं. एवं आर्म्स एक्ट) दर्ज हैं। आरोपी विष्णु लोधी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 05/2025 (धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 324(4)) तथा अपराध क्रमांक 13/2016 (धारा 294, 323, 506 भा.दं.सं.) दर्ज हैं।

## कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में बी.एड. छात्रों की मॉडल परीक्षा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की मॉडल परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि मुख्य परीक्षा के पूर्व मॉडल परीक्षा का विशेष महत्व होता है जिससे विद्यार्थियों के परीक्षा की तैयारी का आकलन, छात्रों की कमजोरी की पहचान, परीक्षा के दबाव का अनुभव, परीक्षा की प्रक्रिया का अभ्यास हो जाता है। मॉडल परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करना, परीक्षा की तैयारी का मूल्यांकन करना है। जिससे छात्र परीक्षा के दबाव को कम कर सकते है और मुख्य परीक्षा में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते है। प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने बताया कि मॉडल परीक्षा के परिणाम से छात्रों को अपनी तैयारी का आकलन करने में मदद मिलेगी। उन्हें वास्तविक परीक्षा के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। मॉडल परीक्षा से छात्र अपनी तैयारी को और मजबूत बना सकते हैं महाविद्यालय द्वारा छात्रों को शैक्षणिक, अनुशासन और गुणवत्ता का सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। मॉडल परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। जो छात्रों के जिज्ञासा दिखाता है।

# दूरस्थ वनांचल ग्राम गोडलवाही में सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर 19 से 25 दिसम्बर तक कलस्टरवार शिविर आयोजित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखंड छुरिया के दूरस्थ वनांचल ग्राम गोडलवाही में आज सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमें कुल 195 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 70 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोदभराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छताग्राही महिलाओं और मितानिनों का सम्मान किया गया। स्वच्छताग्राही ने गांवों में स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना अंतर्गत महिला हितग्राही श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती आरती बाई, श्रीमती हेम बाई, श्रीमती सुखबती बाई को नया गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। बिहान योजना अंतर्गत पदम कर्मा स्वसहायता समूह जोंधरा को 3 लाख रूपए का बैंक लिंकेज स्वीकृति पत्र दिया गया। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत गोपाल सिंह भुआर्य, सदस्य जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती जैमुन कंवर, सीईओ जनपद पंचायत होरीलाल साहू एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रदान किया गया गैस कनेक्शन बिहान योजना अंतर्गत पदम कर्मा स्वसहायता समूह जोंधरा को 3 लाख रूपए का प्रदान किया गया बैंक लिंकेज स्वीकृति पत्र

# ग्राम पंचायत सिंघोला में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत सिंघोला में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन किया गया। जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम सिंघोला में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमें कुल 177 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 79 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती खुशबू साहू, जनपद सदस्य श्रमती देवकुमारी साहू, सरपंच सिंघोला मुकेश साहू, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू, सिंघोला क्लस्टर में आने वाले अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना एवं शासकीय योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए नगर स्तर पर ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के कलस्टर में विशेष शिविरों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं को जनसामान्य तक सुगमता से पहुंचाने एवं सार्वजनिक शिकायतों का विशेष शिविरों के माध्यम से निराकरण किया जा रहा है। क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को आमंत्रित करते हुए नियुक्त नोडल अधिकारी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों की शिकायत एवं मांग के आवेदनों को एकत्रित कर तत्काल संबंधित विभागों को वितरित करेंगे ।




## श्रम विभाग द्वारा विकासखंडों में श्रमिक शिविरों का आयोजन

मोहला(दावा)। जिले के श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर श्रमिक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों का पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में माह दिसंबर 2025 के दौरान श्रमिक शिविरों का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। विकासखंड अम्बागढ़ चौकी के ग्राम अरजकुंड में 16 दिसंबर तथा ग्राम आडेझर में 19 दिसंबर 2025 को श्रमिक शिविर आयोजित किया जाएगा।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी विजय मानिकपुरी ने कहा, ''गुरु घासीदास जी के विचार केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज के युवाओं के लिए जीवन पथ प्रदर्शक हैं। आयोजन के माध्यम से हम इन मूल्यों को विद्यार्थियों के आचरण में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।'' इस अवसर पर गुरु घासीदास जी के जीवन, विचारों एवं सामाजिक योगदान पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में यज्ञ, चंदन, प्रेरणा, वैशाली भारती सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने गुरु घासीदास जी के ''मनखे-मनखे एक समान'' के संदेश, सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा और मानवता के मूल्यों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने और समरस समाज के निर्माण का संदेश दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा, ''गुरु घासीदास जी का जीवन सत्य, समानता और सेवा का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ होती है।'' कार्यक्रम का समापन गुरु घासीदास जी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।

## जनसंपर्क विभाग ने विदेशीलाल परजा को दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। जनसंपर्क विभाग राजनांदगांव में पदस्थ रहे तत्कालीन सहायक ग्रेड-1 विदेशीलाल परजा के आकस्मिक निधन पर जिला जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। यह प्रार्थना है कि ईश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

उल्लेखनीय है कि सहायक ग्रेड-1 विदेशीलाल परजा जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में लगभग 8 वर्ष तक कार्यरत रहे। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ विभाग को अपनी सेवाएं दी। अपने सरल एवं मिलनसार स्वभाव के कारण सभी के साथ उनका समन्वय एवं सहयोग रहा।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुआ दिनुराम का घर, घरेलू बजट में आया सुधार

मोहला (दावा)। किस प्रकार एक सरकारी योजना आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है, इसका सशक्त उदाहरण प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना है। इस योजना ने ग्राम कोड़ेमरा निवासी श्री दिनुराम नेताम के परिवार को न केवल नियमित बिजली आपूर्ति का लाभ दिया, बल्कि आर्थिक संबल प्रदान करते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान सुनिश्चित किया है।

**हर माह हो रही हजार से पंद्रह सौ रुपए तक की बचत, हो रहा पर्यावरण संरक्षण**

जिले के विकासखंड मोहला अंतर्गत ग्राम कोड़ेमरा निवासी मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले दिनुराम नेताम पूर्व में हर माह बढ़ते बिजली बिलों को लेकर चिंतित रहते थे। विशेषकर गर्मियों के दौरान उनके घर का बिजली बिल 1500 से 2000 रुपये तक पहुँच जाता था, जिससे घरेलू बजट प्रभावित होता था और आवश्यक खर्चों पर असर पड़ता था। दिनुराम नेताम ने बताया कि जुलाई 2025 में विद्युत विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला में उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिली। यह योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की संयुक्त पहल है, जिसके अंतर्गत घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्रणाली स्थापित कर उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ प्रदान किया जाता है। योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जाती है।

जानकारी मिलने के पश्चात उन्होंने तुरंत आवेदन किया और अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। इसके फलस्वरूप उनका मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है तथा उन्हें प्रतिमाह 1000 से 1500 रुपये तक की बचत होने लगी है। वर्तमान में उनका परिवार सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन कर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहा है। दिनुराम नेताम का कहना है कि यह योजना उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई है। अब उन्हें मुफ्त बिजली मिल रही हैए खर्च में कमी आई है और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने आमजन से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# किसान लक्ष्मण सिंग ने आसानी से प्राप्त किया टोकन

### 24 घंटे टोकन सुविधा की सराहना, कहा किसानों के हित में अच्छी पहल



मोहला (दावा)। राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी व्यवस्था को लगातार सरल, पारदर्शी और किसान-अनुकूल बनाया जा रहा है। इसी व्यवस्था की सफलता को दर्शाते हुए जिले के ग्राम पांडरीतराई निवासी बुजुर्ग किसान लक्ष्मण सिंह ने अपनी सुविधा के अनुसार अंबागढ़ चौकी धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर टोकन कटवाया।

किसान लक्ष्मण सिंह ने सुलभ टोकन व्यवस्था के कारण आसानी से कुल डेढ़ सौ कट्टा धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त किया। वही राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 24 घंटे टोकन सुविधा की सराहना करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में अच्छी पहल है। जिससे किसान किसी भी समय ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकते है। वही ऑफलाइन टोकन में भी भीड़ कम हो गई हैं। जिससे किसानों को आसानी से टोकन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं किसानों को सम्मान और भरोसा देती हैं। राज्य में धान खरीदी व्यवस्था वास्तव में किसान हितैषी, सुव्यवस्थित और तकनीक आधारित बन रहा है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है वहीं उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जेपी सहारे को मिली राहत

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का जिले में प्रभावी एवं निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना से उपभोक्ताओं को न केवल बिजली बिल में राहत मिल रही है, बल्कि स्वच्छ, हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घरों में सोलर रूफटॉप पावर प्लांट की स्थापित कर रहे है।

छुरिया विकासखंड में पदस्थ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जेपी सहारे ने अपने निवास स्थल डोंगरगांव के निजी आवास की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप पावर प्लांट स्थापित किया गया है। जेपी सहारे ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर प्लांट की स्थापना के बाद बिजली बिल में शून्य हो गया। जिससे उन्हें प्रतिमाह आर्थिक बचत हो रही है। योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार की सब्सिडी तथा राज्य शासन द्वारा 30 हजार रूपए की सब्सिडी नियमानुसार बैंक खाते में प्राप्त हुई है।



बिजली बिल हुआ शून्य, हो रही आर्थिक बचत

इसी तरह प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कृषि विभाग के 19 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने आवास पर सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित किया गया है। यह पहल शासकीय अमले द्वारा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

कृषि विभाग की टीम द्वारा कृषकों को योजना के तहत सोलर पैनल स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और सौर ऊर्जा अपनाने से कृषकों के बिजली व्यय में कमी के साथ स्थायी एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्रोत के लाभ के संबंध में जानकारी दी जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा नागरिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पीएम नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी में....**

ऑर्किड आधारित पैटर्न का उपयोग किया गया है, जो असम और नॉर्थ ईस्ट की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। यह प्रोजेक्ट केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वय से पूरा किया गया है। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने टर्मिनल तक पहुंचने वाली सड़कों के विस्तार के लिए 116.2 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी और परियोजना की सुविधाओं की समीक्षा भी की थी। उद्घाटन से एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नए टर्मिनल की झलक साझा करते हुए इसे असम के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बड़ा बूस्ट बताया था। उन्होंने कहा था कि बढ़ी हुई क्षमता से जीवन स्तर बेहतर होगा और व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी।

**कोहरे ने रोका पीएम मोदी का नदिया दौरा.....**

के बीच सड़क मार्ग से यात्रा न केवल अधिक सुरक्षित बल्कि तेज भी होगी। अनुमान है कि बेहतर हाईवे कॉरिडोर बनने से यात्रा का समय करीब दो घंटे तक कम हो जाएगा, जिससे ईंधन लागत घटेगी और यातायात प्रवाह सुधरेगा।

**अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला....**

निशाना बनाया गया, जहां ISIS का ढांचा और हथियार थे। नाम न छापने की शर्त पर एक और अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि और भी हमले किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि हमले में F-15 ईगर जेट, ओ-10 थंडरबोल्ड ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट और Ah-64 अपाचे हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि जॉर्डन के F-16 फाइटर और रॉकेट ऑर्टिलरी भी इसमें शामिल थी। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि यह युद्ध नहीं है और इसे बदले का ऐलान बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह किसी युद्ध की शुरुआत नहीं है- यह बदले का ऐलान है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका अपने लोगों की रक्षा करने में कभी पीछे नहीं हटेगा और कभी हार नहीं मानेगा। उन्होंने आगे कहा, अगर आप दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाते हैं, तो आप अपनी बाकी छोटी, बेचैन जिंदगी यह जानते हुए बिताएंगे कि अमेरिका आपको ढूंढ़ेगा, पकड़ेगा और बेरहमी से मार डालेगा। इस बीच ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि हमलों में रक्का और दीर एज जोर शहरों के पास ISIS के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया कि ISIS का एक बड़ा नेता और कई लड़ाके मारे गए हैं। ISIS ने अभी तक सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। इसके पहले अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा था कि पल्मायरा में अमेरिकी सैनिकों और इंटरप्रेटर पर हमला करने वाले बंदूकधारी को घेरा गया और मार दिया

**घर से कम ही बाहर निकलें, यात्रा करने से बचें....**

खास नमाजें पढ़ी जाएंगी। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री शेख हसीना छात्रों के विद्रोह के बाद भारत भाग गई थीं। इसके बाद से बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार है। यहां 12 फरवरी को चुनाव होने हैं। ढाका में भारतीय हाई कमीशन ने बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे लोकल ट्रैवल से बचने और अपने रहने की जगह से बाहर कम से कम आने-जाने की अपील की गई है। अचानक किसी भी तरह की जरूरत होने पर उन्हें देश में हाई कमीशन या असिस्टेंट हाई कमीशन से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर.....**

ट्रेन से टकरा गए। फॉरेस्ट ऑफिसर ने बताया कि मृत हाथियों का अंतिम संस्कार घटनास्थल के पास ही किया जाएगा। NFR अधिकारी ने बताया कि सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम के सैरांग (आइजोल के पास) से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल तक जाती है। हादसे के बाद पटरी से उतरे कोचों के यात्रियों को अस्थायी रूप से अन्य डिब्बों में खाली बर्थ पर शिफ्ट किया गया। फिर प्रभावित कोचों को हटाकर बाकी ट्रेन 4 घंटे बाद, सुबह 6.11 बजे गुवाहाटी के लिए रवाना हुई। गुवाहाटी में ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े गए, जिनमें यात्रियों को बैठाया गया। इसके बाद ट्रेन ने अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू की। अधिकारी के मुताबिक, प्रभावित सेक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों को अप लाइन से डायवर्ट किया गया था। मौके पर ट्रैक बहाली का काम जारी है। NFR के जनरल मैनेजर और लुमडिंग के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।

**किसानों से दलहन-तिलहन उपार्जन की....**

इसके तहत अरहर 21 हजार 330 मीट्रिक टन, उड़द 25 हजार 530 मीट्रिक टन, मूंग 240 मीट्रिक टन, सोयाबीन 4 हजार 210 मीट्रिक टन और मूंगफली 4 हजार 210 मीट्रिक टन का उपार्जन किया जाएगा। इन फसलों के उपार्जन पर कुल 425 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्र सरकार ने मांग आने पर सोयाबीन और मूंगफली के लिए अतिरिक्त स्वीकृति देने का आश्वासन भी दिया है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए अरहर का समर्थन मूल्य 8000 रूपए प्रति क्विंटल, मूंग का 8768 रूपए, उड़द का 7800 रूपए, मूंगफली का 7800 रूपए, सोयबीन का प्रति क्विंटल 5328 रूपए घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन उपार्जन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। उपार्जन का कार्य राज्य में मार्कफेड के माध्यम से सहकारी समितियों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए 22 जिलों में 222 उपार्जन केंद्र पहले ही अधिसूचित कर दिए गए हैं। किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल पर लगातार जारी है। जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, वे नजदीकी सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन कराकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन का उपार्जन किसानों के हित में राज्य सरकार का बड़ा निर्णय है। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से प्रदेश में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा और छत्तीसगढ़ दाल एवं खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार किसानों के हित में केन्द्र सरकार के साथ समन्वय कर लगातार काम कर रही है।

**बाबा गुरु घासीदास का संदेश.....**

के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पीएससी भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल सके। नई औद्योगिक नीति के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के बेटा-बेटियों को उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह नीति न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक न्याय को भी सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी समाज वर्गों से संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित छत्तीसग? के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का विचार सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे की अडिग आधारशिला है। उन्होंने बताया कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूरे विश्व में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में अनुसूचित जाति समाज के विकास को नई गति मिली है। गिरौदपुरी धाम के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत जैतखाम, मंदिर परिसर, अमृत कुंड, छाता पहाड़ तक सड़क, सीढ़ियों एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक शेड निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त भंडारपुरी धाम के विकास हेतु 17 करोड़ 11 लाख 22 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे वहां अधोसंरचना संबंधी कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति समाज के उत्थान हेतु प्रत्येक वर्ष पांच प्रतिभावान युवाओं को पायलट प्रशिक्षण के लिए 15-15 लाख रुपये की सहायता देने का निर्णय भी लिया गया है। समारोह को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, डॉ. छबिलाल रात्रे, केराबाई मनहर, सुश्री कामदा जोल्हे, ज्योति पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मनकी क्रिकेट प्रतियोगिता: रोमांचक मुकाबले में झीटिया बनी विजेता, फरहद की टीम उपविजेता



**मुख्य अतिथि शाहीद भाई ने कहा- ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं ऐसी प्रतियोगिता**

राजनांदगांव (दावा)। न्यू साउथ क्रिकेट क्लब मनकी राजनांदगांव के द्वारा ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई एवं अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र कश्यप, पन्ना निषाद सहित ग्राम के वरिष्ठजन मंचस्थ थे।

फाइनल मैच झीटिया (देवरी बंगला बालोद) एवं फरहद सोमनी के टीम के बीच रोमांचक रूप से खेला गया और इस रोमांचक मैच में झीटिया देवरी बंगला की टीम विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। समापन समारोह में संबोधित करते हुए शाहिद भाई ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का प्रमुख माध्यम इस प्रकार के आयोजन है और मनकी में लगातार इस प्रकार के आयोजन होने से पूरे क्षेत्र के खिलाड़ियों को यहां अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस आयोजन की विशेषता चुनिंदा 32 टीमों को ही प्रवेश देना है और इस वर्ष के आयोजन में अन्य जिलों के भी टीमों ने भाग लेकर इस प्रतियोगिता को विशालता प्रदान किए हैं। यह आयोजन और भव्य हो यही प्रयास हम सबका रहेगा और अंत में विजेता टीम मासूम क्लब झीटिया को 12001 रूपए नगद स्व मंगतू राम यादव की स्मृति में वीनर कप गोकुल साहू भारतीय सेना द्वारा, उपविजेता टीम फरहद टीम को 8001 पूर्व सरपंच शैलेंद्र कश्यप एवं वीनर कप हिरेंद्र साहू भारतीय सेना द्वारा तृतीय पुरस्कार के रूप में 5001 नगद मेघराज चंद्राकर एवं देव कुमारी साहू एवं वीनर कप धनेंद्र साहू सीमा सुरक्षा बल द्वारा बीरेझरभाटा टीम को, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपए ओम लॉजिस्टिक एवं वीनर कप अजय साहू छग पुलिस के द्वारा रवेली को प्रदान किया गया। इसी प्रकार मैन ऑफ द सीरीज करन (फरहद), बेस्ट बैट्समैन माही (झीटिया), बेस्ट बालर रोशन (रवेली), बेस्ट फिल्डर कैप्टन निषाद (बीरेझर भांटा) को प्रदान किया गया।




# नेशनल हेराल्ड मामले में सत्य की जीत, भाजपा कार्यालय का कांग्रेस ने किया घेराव

**सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं- विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़ (दावा)। नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में तथा केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ जिला शहर कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नेशनल हाईवे स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। उक्त कार्यक्रम में छग लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी भी सम्मिलित हुए और कांग्रेसजनों के साथ लोकतंत्र की रक्षा हेतु एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय का निर्णय यह स्पष्ट करता है कि श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से फंसाने का षड्यंत्र रचा गया था। ईडी द्वारा 56-56 घंटे तक पूछताछ के नाम पर मानसिक प्रताड़ना दी गई, लेकिन अंततः सत्य की ही विजय हुई।

# गांव की मिट्टी से उभरता हुनर, खेल के जरिए सपनों को मिल रही उड़ान - किरण रविन्द्र वैष्णव



**ग्राम कलडबरी में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ**

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलडबरी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गांव की मिट्टी से जुड़े उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ भव्य रूप से उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हिरेंद्र साहू एवं जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव व भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी में अपार प्रतिभा छिपी होती है, जरूरत है तो सिर्फ उसे सही मंच और अवसर देने की। ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के सपनों को दिशा देती हैं और उन्हें अनुशासन, मेहनत व टीम भावना का महत्व सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में पसीना बहाने वाला युवा ही कल समाज और देश का मजबूत आधार बनता है। इस प्रकार के आयोजन गांवों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को नशा, अपराध व भटकाव से दूर रखते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोपाल भुआर्य ने कहा कि खेल गांव की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। गांव की मिट्टी से निकले खिलाड़ी जब आगे बढ़ते हैं तो पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हिरेंद्र साहू ने भी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी और कहा कि हार-जीत से ऊपर अनुशासन और समर्पण होता है। इस अवसर पर जंयत्री बाई संरपंच, बेदूराम ग्राम पटेल, राधेलाल जोशी जनपद सदस्य प्रतिनिधि, भूपेंद्र नायक पूर्व जनपद सदस्य, ठाकुर राम यादव, दिग्विजय मिश्रा उप सरपंच, योगेश साहू, मनीष साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, हुमन साहू बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी, आयोजन समिति के सदस्य एवं युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही पूरे ग्राम कलडबरी में उत्साह, उमंग और गर्व का वातावरण देखने को मिला।

# मांगाटोला की पिंकी साहू करेगी किराना दुकान संचालन, अन्य महिलाओं के लिए बनी प्रेरणा स्त्रोत



**अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने किया शुभारंभ**

मोहला (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत मांगाटोला में जिले की प्रथम बिहान दीदी की दुकान का शुभारंभ अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, सीईओ जनपद श्रीमती प्रियंवदा रामटेके तथा तहसीलदार अंबागढ़ चौकी श्रीमती अनुरिमा टोप्पो उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा प्रथम खरीदी कर दीदी को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

ग्राम मांगाटोला निवासी श्रीमती पिंकी साहू, पदम कल्याणी माँ स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। वे पूर्व में खेती एवं घरेलू कार्यों पर निर्भर थीं, जिससे आय सीमित थी। शासन की बिहान योजना तथा कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर जिले के ऐसे ग्रामों में जहाँ किराना दुकान उपलब्ध नहीं है। वहां बिहान दीदी की दुकान खोलने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में श्रीमती पिंकी साहू ने अपने गाँव में किराना दुकान खोलने का निर्णय लिया। श्रीमती पिंकी साहू ने बिहान योजना के संकुल से 50 हजार का ऋण लेकर किराना दुकान की शुरुआत की। इस निर्णय में उनके परिवार का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। गाँव में पहले कोई किराना दुकान न होने के कारण अब ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्री स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही है। जिससे स्थानीय लोगों की समय और संसाधनों की बचत के साथ ही दुकान से अच्छी आमदनी की संभावना है। आज श्रीमती पिंकी साहू स्वरोजगार के साथ ही आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। साथ ही गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। शासकीय योजना, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार एवं समाज के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# शिवधाम मंदिर में गूंजा गीता का सार, धूमधाम से मना गीता जयंती महोत्सव



**वक्ताओं ने कहा- विश्व का एकमात्र ग्रंथ जिसकी मनाई जाती है जयंती**

राजनांदगांव (दावा)। लखोली विकास नगर स्थित शिवधाम मंदिर में अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा भव्य गीता जयंती महोत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों और वक्ताओं ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग बताया।

## वेदों का सार है श्रीमद्भगवद्गीता - देवकुमार निर्वाणी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने कहा कि गीता के महात्म्य का वर्णन करने की सामर्थ्य किसी में नहीं है, क्योंकि यह स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से निकला अमृत है। यह वेदों का सार है और यही कारण है कि आज विश्व के अनेक देशों में इसे श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।

## गीता में कर्मयोग की प्रधानता

कार्यक्रम के आयोजक और जिला प्रभारी निखिल वैष्णव ने कहा कि गीता में कर्मयोग को प्रधान माना गया है। इसे आत्मसात करने से मनुष्य को हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। जिला संयोजक विवेक त्रिपाठी ने रेखांकित किया कि गीता विश्व का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है। जिसकी जयंती मनाई जाती है, जो इसकी अद्वितीयता को दर्शाता है।

## गीता वितरण और महाआरती

महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में सामूहिक गीता पाठ किया गया। संघ की ओर से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता का निःशुल्क वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भगवान की आरती की गई।

# ग्राम पंचायत अछोली में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के अंतर्गत किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीएफ कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से ग्राम पंचायत अछोली में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सरपंच नंदकुमार साहू के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं आयवर्धक कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम द्वारा किसानों को जैविक कृषि, दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने, मृदा परीक्षण के महत्व तथा वैज्ञानिक कृषि प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही उद्यानिकी खेती, सब्जी उत्पादन, ड्रिप सिंचाई एवं लिफ्ट सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिससे जल संरक्षण के साथ उत्पादन लागत में कमी लाई जा सके। इसके अतिरिक्त ग्रामीण आजीविका संवर्धन के लिए पोल्ट्री यूनिट, एरो प्लांट तथा दोना-पत्तल निर्माण इकाई जैसी गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिससे किसानों एवं स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकें।

कार्यक्रम में समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रोग्राम मैनेजर भैया सिंह झारे, सोशल मोबिलाइजेशन अधिकारी नंदलाल साहू, कृषि विशेषज्ञ सोमनाथ चवाले, सीआरपी मुकेश साहू एवं श्रीमती वैशाली कोचे सहित बड़ी संख्या में किसान एवं स्व-सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति को जानने के लिए कलेक्टर ने किया पंचायतों में निरीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने छुईखदान विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़े निर्माण कार्यों का स्थल अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## महतारी सदन निर्माण कार्यों की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत खैरबना में कलेक्टर ने महतारी सदन का अवलोकन किया तथा स्व-सहायता समूह की दीदियों से चर्चा की। उन्होंने महतारी सदन को बैठकों, आजीविका गतिविधियों, प्रशिक्षण तथा सामग्री भंडारण के लिए उपयोगी केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।। इस अवसर पर उपस्थित एसडीओ एवं उप अभियंता को महतारी सदन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन व पूर्ण आवासों का निरीक्षण

ग्राम पंचायत खैरबना, खैरानवापारा एवं अतरिया में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। खैरानवापारा में हितग्राही द्वारा स्वयं की राशि से बेहतर गुणवत्ता का निर्माण किए जाने पर कलेक्टर ने सराहना की, वहीं अतरिया में निर्माणाधीन आवासों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास पूर्ण करने हेतु समझाइश भी दी गई।

## पीएम जनमन, बहुउद्देशीय भवन व मनरेगा कार्यों को गति देने के निर्देश

ग्राम पंचायत सिंगारपुर के आश्रित ग्राम तुमड़ादाह में पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। जहां कार्य लगभग पूर्ण अवस्था में पाया गया। कलेक्टर ने शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी दौरान ग्राम तुमड़ादाह में निर्मित बहुउद्देशीय केंद्र के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी संचालन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने तथा स्कूल के लिए अतिरिक्त कक्ष व किचन शेड निर्माण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत आजीविका डबरी, जल संरक्षण एवं स्थायी परिसंपत्ति निर्माण से जुड़े कार्यों को अधिक से अधिक कराने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, जनपद सीईओ छुईखदान केश्वरी देवांगन, एसडीओ आरईएस पीओ मनरेगा, ब्लॉक समन्वयक आवास, उप अभियंता एवं तकनीक सहायक सहित सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 80 हितग्राहियों के खाते में 74 लाख रूपया सीधा पहुंचा

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्र में पक्के आवास निर्माण करने केन्द्र एवं राज्य शासन के सहयोग से द्वितीय चरण पीएमएवाय-2.0 अंतर्गत नगर निगम राजनांदगांव में नये 337 आवासों की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है। इस प्राप्त स्वीकृति के विरूद्ध निकाय के विभिन्न वार्डो में 214 नये आवास अलग-अलग स्तरों में निर्माण कार्य प्रांरभ है, विगत् माह 399 आवासों की नवीन स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिस पर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की प्रक्रिया वास्तुविद/इंजीनियर के द्वारा कारवाई जा रही है।

पीएमएवाय-2.0 में अब-तक 60 हितग्राहियों को 50 लाख 35 हजार रूपये का भुगतान स्पर्श पद्धति के माध्यम से आधार आधारित बैंक खाते में स्वास्थांतरित किये जा चूके है। आगामी 87 हितग्राहियों के भुगतान हेतु निकाय की ओर से व्हाउचर तैयार कर डी.डी.ओ. में बिल प्रेषित किया गया है। शासन से प्राप्त 3 करोड़ रूपये की राशि में से 75 प्रतिशत राशि का भुगतान आवास निर्माण करने वाले हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया निकाय की ओर से सम्पन्न कर दी गयी है। शीघ्र ही समस्त बी.एल.सी. के आवासों का निर्माण करने वाले हितग्राहियों को स्तर बद्ध निर्माण अनुसार शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया जायेगा।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि, 07 ऐसे हितग्राही जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नही होने के कारण कुछ समस्या आई है, उनका भी निकाय द्वारा समाधान किया जा रहा है। उन्होंने भुगतान में हो रही समास्या से बचने के लिये आवास निर्माण करने वाले सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने-अपने बैंक खाता को आधार नम्बर से लिंक करवाये ताकि भुगतान में हो रही परेशानी का सामना न करने पड़े।

महापौर मधुसुदन यादव ने नये आवास निर्माण करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर इस योजना का लाभ लेने निकाय क्षेत्र के समस्त रहवासियों से अपील की है। साथ ही एक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्होने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी पीएमएवाय-2.0 के अंतर्गत अब-तक मात्र 2500 वर्गफीट से बड़े प्लाट के भूस्वामित्व वाले नियमों के कारण इस योजना से वंचित थे। शासन द्वारा नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए 2500 वर्गफीट से अधिक भूस्वामित्व वाले आवेदक भी अब इस योजना का लाभ ले सकते है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से कम हो, सम्पूर्ण भारत देश में कही कोई पक्का आवास नहीं होना चाहिए तथा 31 अगस्त 2024 पूर्व निकाय क्षेत्र के रहवासी हो। उन्होने स्वयं के आवास का सपना साकार करने आवास योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डोंगेश्वर महादेव घाट में स्वच्छता अभियान



गंडई (दावा)। शासकीय महाविद्यालय गंडई की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 18 दिसंबर को ग्राम जंगलपुर घाट में स्थित डोंगेश्वर महादेव घाट मंदिर एवं उसके आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करना तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर, घाट क्षेत्र, आवागमन मार्ग एवं आसपास के पर्यटन स्थलों में फैले कचरे को एकत्र कर उसका सुरक्षित निस्तारण किया। साथ ही प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की गई। स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' का संदेश देते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव गणेशराम वर्मा, उपाध्यक्ष माखन जांघेल एवं अध्यक्ष आनंद पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे अभियान धार्मिक व पर्यटन स्थलों की गरिमा बनाए रखने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। एनएसएस इकाई के इस अभियान से ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

# घासीदास जयंती पर हरदी में श्रद्धा और सामाजिक समरसता का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरदी में संतशिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सतनामी समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला राजनांदगांव की श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा, जिलाध्यक्ष सिन्हा समाज विशेष रूप से शामिल हुई। उन्होंने बाबाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया तथा कहा कि गुरु घासीदास बाबा का अमर संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' आज भी समाज को एक सूत्र में बांधने वाला है। उन्होंने कहा कि बाबाजी की प्रत्येक वाणी अनुकरणीय है। जिसे आत्मसात कर समाज को समानता, सद्भाव और भाईचारे की दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन संत के अंजोर सतनाम सेना समिति हरदी के तत्वावधान में किया गया। समिति के अध्यक्ष केसर दास सहित सदस्य मनोज मारकंडे, उजित तूलेश, गेंडरे, सुकदास, अश्वनी, अरुण, भागवत बंजारे, संतू खुटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूर्व जनपद सदस्य ललित मारकंडे एवं कमलेश वर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कमला कॉलेज की एनएसएस इकाई का ग्राम आलीखूटा में विशेष शिविर



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम आलीखूटा, रानीतराई में 17 से 23 दिसंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन 17 दिसंबर को ग्राम सरपंच श्रीमती चमेली साहू की उपस्थिति में तथा रासेयो समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार दीवान एवं डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में कुल 45 छात्राएं भाग ले रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष की थीम के अनुरूप छात्राएं नशामुक्ति को लेकर नाटक, गीत तथा डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से जनजागरूकता का कार्य करेंगी।

उद्बोधन के क्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने शिविर की उपयोगिता और सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डाला तथा पूर्ण समर्पण भाव से सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम सरपंच श्रीमती चमेली साहू ने शिविर के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए अपने गांव को शिविर हेतु चयनित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

सभा में उपस्थित ग्रामवासी उत्तम साहू ने छात्राओं से अपेक्षा जताई कि वे शिविर के माध्यम से गांव के लोगों को सकारात्मक संदेश और अच्छी यादें देकर जाएंगी। समापन उद्बोधन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के रासेयो समन्वयक डॉ. जितेन्द्र दीवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सेवा, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. नीता एस. नायर सहित अन्य अतिथियों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com